## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे दिन नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

**बीज मंत्र.....**

**माँ ब्रह्मचारिणी: ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।**

# मां शैलपुत्री की आराधना में लीन रहे श्रद्धालु

## चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में पूजन को उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पहले दिन बुधवार को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की गई। भक्तों ने घरों में ही विधि विधान से कलश स्थापना कर पूजन अर्चन किया। इस दौरान लोगों ने व्रत रखा और मां से मंगल कामना की।

दुर्गा के पहले अवतार शैल पुत्री को प्रकृति की देवी माना जाता है। शहर के बड़ी व छोटी देवी मंदिर, मुड़ कटी देवी मंदिर, फतेहपुर कस्बे के महादेव तालाब स्थित उजली माता मंदिर और रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के सुमेरगंज माता मंदिर, काशीपुर के दुर्गा मंदिर, कोटवा सड़क निमही माता मंदिर, देवीगंज माता मंदिर और भिटरिया के शीतला माता मंदिर समेत जिले भर के तमाम देवी मंदिरों में सुबह और शाम श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। सुबह भक्तों ने निर्धारित घट स्थापना के मुहूत में अपने घरों में विधि विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप शैल पुत्री की पूजा की। नवरात्र को लेकर बाजारों में भी अधिक चहल पहल रही।



शहर स्थित बड़ी देवी मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

### बाइक चोरी

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित बगिया मजरे मंझारी निवासी संदीप यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हादसों में साइकिल सवार समेत तीन लोगों की मौत

## रफ्तार की मार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में साइकिल सवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

पहली घटना गुरुवार सुबह फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। ग्राम मझगंवा शरीफ निवासी 60 वर्षीय सियाराम पुत्र हुबलाल साइकिल से फतेहपुर मार्ग पर जा रहे थे। तभी विशुनपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणी नदी पुल के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आलू लदे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे विशुनपुर चौकी प्रभारी संजय प्रसाद ने हालात को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह के अनुसार ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक की पत्नी शांति देवी की दो वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। पुत्र आशुतोष ने बताया कि पिता आंख की दवा लेने सीएचसी देवां जा रहे थे। दूसरी घटना असंद्रा थाना क्षेत्र की है। गढ़ी गांव निवासी 19 वर्षीय राजेन्द्र रावत पुत्र राम मिलन रिश्तेदारी से देर रात लौट रहे थे। रात करीब दो बजे देवीगंज चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना जैदपुर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुई। कजियापुर निवासी 50 वर्षीय रामगनेश रावत पुत्र स्व. राम सागर बाइक से न्यौछना बाजार सब्जी लेने गए थे। लौटते समय गांव के मोड़ पर हनुमान मंदिर के पास सामने से आ रहे रोटोवेटर लगे ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## एचपीवी टीकाकरण सत्र का हुआ आयोजन




टीकाकरण का प्रमाणपत्र देते सीएमएस। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिलाओं एवं किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिला महिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राजीव सिंह ने किया, जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। सत्र में डब्ल्यूएचओ, पीसीआई, जेएसआई-इंडिया और यूएनडीपी के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अधिकारियों ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है और अभिभावकों से बेटियों का समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। इस दौरान किशोरियों को टीका लगाने के साथ-साथ टीकाकरण से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी गई तथा हल्के बुखार या दर्द जैसी सामान्य प्रतिक्रियाओं के बारे में भी उचित परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही, अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने और जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

## जलभराव से नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन



ग्रामीणों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मरकामऊ में मुख्य सड़क पर गंदे पानी के जलभराव से परेशान ग्रामीणों और दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रामनगर-बदोसराय मार्ग पर तख्त व त्रिपाल डालकर जाम लगाने का प्रयास किया, जिससे करीब 10 मिनट तक आवागमन प्रभावित रहा। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही प्रदर्शनकारी सड़क खाली कर चुके थे। ग्रामीणों ने बताया कि तीन घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता है। मो. इलियास व मो. आलम राइन के अनुसार, मोटर चलाने पर पानी भी सड़क पर आ जाता है। इस संबंध में कई बार ब्लॉक व तहसील में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समाधान नहीं हुआ। गुरुवार की शाम करीब चार बजे ग्रामीणों ने प्रदर्शनकिया। एसडीएम अनिल कुमार सरोज के निर्देश पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडेय व कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत विद्यार्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।



गोदाम की जांच करते जिला कृषि अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## उर्वरक गोदामों का सत्यापन, स्टॉक की जांच के निर्देश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम ने जनपद स्तर, ब्लॉक स्तर और न्याय पंचायत स्तर पर उर्वरक गोदामों और फुटकर बिक्री केन्द्रों में आईएफएमएस पोर्टल व पीओएस मशीन में उपलब्ध स्टॉक के सत्यापन के लिए कमेटी गठित की है। सभी गोदामों और बिक्री केंद्रों का 25 मार्च तक शत-प्रतिशत सत्यापन करने के आदेश दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रबंधक पीसीएफ, क्षेत्राधिकारी इफको और भण्डार प्रभारी ने चन्दौली स्थित गोदामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में फर्टि प्लांट गोदाम में 999 .90 मी .टन यूरिया, चन्दौली गोदाम में यूरिया 576 मी .टन, डीएपी 318 मी .टन और एनपीके 1317 मी .टन सामान्य एवं प्रीपोजिशनिंग स्टॉक भण्डारित पाया गया। इसके अतिरिक्त चन्दौली गोदाम में इफको का गैर-अनुदानित स्टॉक सागारिका 591 बैग, जिंक सल्फेट 33% 984 बैग, मोनो पोटैशियम फॉस्केम 100 बैग और नैनो डीएपी व नैनो यूरिया भी भण्डारित पाया गया। जिला प्रबंधक पीसीएफ ने बताया कि जनपद के पीसीएफ गोदामों में 4600 मी .टन यूरिया, 5000 मी .टन डीएपी और 4000 मी .टन एनपीके सामान्य व प्रीपोजिशनिंग स्टॉक उपलब्ध है।

## ससुराल में खिलाया जहर, विवाहिता गंभीर

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। ससुराल में विवाहिता को जहर देकर मारने की कोशिश की गई। वह गंभीर दशा में जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहब्बतपुर के अभिषेक ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी बहन तनु की शादी 5 वर्ष पूर्व बबुरिहा के श्यामू से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ससुराल पक्ष ने दहेज में दो लाख और अपाचे मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर पति श्यामू, ससुर सुरेशचन्द्र, सास बृजना देवी ने विवाहिता को प्रताड़ित किया। छह माह पहले मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। महिला थाने में शिकायत के बाद समझौता कराकर उसे ससुराल भेज दिया गया। पीड़िता के भाई के अनुसार, 12 मार्च को सूचना मिली कि उसकी बहन की हालत गंभीर है।

# एक साल और जेल में रहेगा ड्रग माफिया अज्जन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई के तहत राज्य सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। टिकरा का कुख्यात तस्कर अज्जन उर्फ मिस्बाहुर्रहमान अभी एक साल और जेल में गुजारेगा। यह आदेश पिट-एनडीपीएस एक्ट के तहत जारी हुआ है।

गुजरे बुधवार को प्रदेश सरकार द्वारा प्रिवेंशन ऑफ इलिसिट ट्रैफिक इन नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट, 1988 की धारा 3(1) के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। आरोपी टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर का निवासी है।

पुलिस के अनुसार, अज्जन उर्फ मिस्बाहुर्रहमान पिछले करीब 25 वर्षों से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में सक्रिय रहा है। उसके खिलाफ बाराबंकी और लखनऊ के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। उसे अंतरजनपदीय गैंग आईआर-09 में सूचीबद्ध करने के साथ ही जिला स्तर पर ड्रग माफिया घोषित किया गया है। गैंग नंबर 32 का वह स्वयं लीडर है। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 16 मामले दर्ज हैं, जबकि कुल आपराधिक मुकदमों की संख्या 28 बताई गई है। थाना जैदपुर में उसकी हिस्ट्रीशीट भी खोली गई है। वर्तमान में आरोपी 9 जनवरी से जिला कारागार में बंद है। उसके कब्जे से पहले स्मैक, मॉर्फीन और हेरोइन जैसे मादक पदार्थ बरामद किए गए थे, जिनकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 11.14 करोड़ रुपये आंकी गई।

## नदी में डूबने से किशोर की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव स्थित बाबा टीकाराम धाम में गुरुवार को हादसा हो गया। यहां दर्शन करने आए 17 वर्षीय किशोर की नदी में डूबने से मौत हो गई। हैदरगढ़ व असंद्रा पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब ढाई घंटे बाद शव बरामद कर लिया। अमेठी के कमरौली खास निवासी शिवांग कनौजिया (17) पुत्र रमेश साथियों अंकित (16), अमित (12), लकी (13), आलोक (12), राज (15) व पुजू (17) के साथ गुरुवार सुबह बाबा के दर्शन के लिए आया था। इसी दौरान उसने नदी में नहाने की बात कही। बताया जा रहा कि सभी साथी पुल पार कर बाजपुरा घाट पहुंचे। शिवांग नदी में कूद गया। बीच धारा में पहुंचते ही वह चिल्लाने लगा। जब तक स्थिति समझ में आई और ग्रामीण मदद के लिए दौड़े, तब तक वह डूब चुका था।

## संत प्रज्ञानंद महाराज का जन्मोत्सव आज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के सुमेरगंज स्थित श्री बूढ़े हनुमान जी मंदिर परिसर में आज संत श्री प्रज्ञानंद महाराज जी का जन्मोत्सव एवं संत कीर्तन आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, शुक्रवार को सायं 4 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद सायं 6 बजे भंडारे का आयोजन होगा, जबकि रात 8 बजे से संत कीर्तन में क्षेत्र के प्रमुख संत एवं भजन मंडलियां प्रस्तुति देंगी। मंदिर परिसर में विशेष सजावट, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं।

## मिस यूनिवर्स इंडिया ऑडिशन आयोजित



ऑडिशन में मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (एसआरएमयू) के मिनी ऑडिटोरियम में गुरुवार को 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2026' के उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय ऑडिशन का आयोजन फैशन सोसाइटी क्लब 'रैज़मटैज़' के तत्वावधान में हुआ। इसमें प्रदेश सहित देशभर से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी ने किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी क्लब कोऑर्डिनेटर प्रो. (डॉ.) वीणा सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रो. (डॉ.) वीणा सिंह और रैज़मटैज़ क्लब के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. रोहित सिंह ने बताया कि ऑडिशन का उद्देश्य प्रतिभागियों की छिपी प्रतिभा को मंच देना है। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. रोहित सिंह ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतिभागियों ने रैंप वॉक, व्यक्तित्व प्रदर्शन, ग्रूमिंग और प्रश्नोत्तर सत्र में हिस्सा लिया। आयोजन को सफल बनाने में छात्र अध्यक्ष सार्थक श्रीवास्तव, सीनियर उपाध्यक्ष कुमार दिव्यांशु, उपाध्यक्ष श्रेया महेंद्र व क्लब कोऑर्डिनेटर आकांक्षा का योगदान रहा।

## विद्यालय गयी छात्रा लापता

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र में स्कूल गई एक 19 वर्षीय छात्रा लापता हो गई। परिजनों को आशंका है कि कोई उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार एक गांव वासी व्यक्ति की बेटी 16 मार्च की सुबह एक निजी स्कूल में कक्षा 11 की परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। सुबह उसने एक अज्ञात मोबाइल नंबर से अपने पिता को फोन कर बताया कि फीस जमा न होने के कारण उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया, वह घर लौट रही है लेकिन दोपहर तक छात्रा घर नहीं पहुंची। परिजनों ने जब स्कूल जाकर जानकारी की तो पता चला कि वह स्कूल आई थी, लेकिन फीस जमा न होने के कारण परीक्षा में शामिल नहीं हो सकी और वापस चली गई। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चलाया पोस्टकार्ड अभियान

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में हैदरगढ़ ब्लॉक के विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्राथमिक शिक्षक संघ के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में पोस्टकार्ड अभियान चलाया।

इस दौरान करीब 200 से अधिक शिक्षकों ने अपनी मांग लिखकर देश के प्रधानमंत्री, महामहिम राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा। शिक्षकों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्य किए जाने का आदेश वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त एवं टीईटी से छूट प्राप्त शिक्षकों के लिए पूर्व निर्धारित भर्ती नियमों के विपरीत है। इससे देश के लाखों शिक्षकों, उनके परिवारों और विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक महामंत्री कुलदीप मिश्रा, यूटा के जिला संगठन मंत्री दीपक मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रुद्रकांत बाजपेई, महामंत्री रजनीश शुक्ल, मोबीन अहमद, रिजवान अली, बृजेश मिश्रा, मोहित सिंह, अमित अवस्थी, धर्मेंद्र त्रिवेदी, विकास पांडे, वैभव शर्मा, अंजनी मिश्रा, विष्णु पांडे, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, रजनी सिंह, प्रवेशिका सोनकर, पूर्णिमा सिंह, शिवानी सिंह, मीरा कुमारी, अवधेश यादव, राम शंकर, ओम प्रकाश, आशीष त्रिवेदी, एहतेशाम अहमद, मनोज वर्मा, प्रीतू सिंह, सुजीत सिंह, विमल सिंह, ममता पांडे, सुशीला, अविनाश मिश्रा, जितेंद्र कुमार, रिंकी सिंह, मधु शुक्ला, वैशाली मिश्रा, साधना सिंह, प्रेमचंद, अमोद सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## टूटकर गिरा खंभा गिरा, बिजली गुल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख शरीफाबाद के एक मोहल्ले में गुरुवार को बिजली का जर्जर खंभा गिर गया। कोई हादसा तो नहीं हुआ पर तार टूट जाने से एक दर्जन से अधिक घरों के लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। शिकायत करने पर बिजली आपूर्ति तो बंद कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि नीचे से जर्जर खंभा शाम के समय अचानक गिर गया। उस समय मौके पर कोई नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो जाता। लोग बताते हैं कि इसी तरह से एक और जर्जर खंभा गिरने की कगार पर है। शिकायत के बावजूद इन्हे बदला नहीं जा रहा। खंभा टूट जाने के चलते लोगों को गर्मी के बीच अंधेरे में रात काटनी पड़ रही है। वहीं मच्छरों का आतंक अलग से बना हुआ है। अधिशासी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि समस्या के निवारण के लिये दिशा निर्देश दिये गए हैं। जल्द लाइन की मरम्मत कर आपूर्ति चालू कराई जाएगी।



दर्शन-पूजन करते एमएलसी अंगद सिंह, पवन कुमार चौहान व अन्य। ● अमृत विचार

## सभापति ने महादेवा में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**सिरौलीगौसपुर, रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति एमएलसी अंगद सिंह ने समिति सदस्य एमएलसी पवन कुमार चौहान के साथ पारिजात धाम बरौलिया, कोटवाधाम व लोधेश्वर महादेवा का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दर्शन-पूजन किया। पारिजात धाम में पुजारी ने स्ट्रीट लाइटें लगवाने व पुरानी लाइटों की मरम्मत की मांग रखी, जिस पर एमएलसी ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। विद्युत उपखंड अधिकारी मसौली विमलेश मौर्य ने पारिजात वृक्ष की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद कोटवाधाम में बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के दरबार में पूजन कर महंत निलेन्द्र बक्श दास से आशीर्वाद लिया। यहां भाजपा मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी, एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू, दुर्गेश दीक्षित, संतोष पांडेय मौजूद रहे। वहीं लोधेश्वर महादेवा में दोनों एमएलसी ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में तहसीलदार विपुल सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि कुलदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मोनू भास्कर, शीतला प्रसाद वाजपेई सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सफाई नायक का सम्मान, कर्मचारियों ने जताया आभार



सफाई नायक को सम्मानित करते सफाईकर्मी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सत्य प्रेमी नगर वार्ड में गुरुवार को रामसेवक यादव पार्क में आयोजित समारोह में सफाई कर्मियों ने सफाई नायक वीरेंद्र यादव को फूल-माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान सफाई कर्मी रामू ने उन्हें फल की टोकरी व पैंट-शर्ट भेंट की। सभासद मुक्ता सिंह ने उन्हें बधाई दी। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि देवेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञानू), सफाई निरीक्षक दीपक गुप्ता, बरखा रानी, लक्ष्मी, प्रदीप, अजय, कामिनी, सुनील, अमरजीत, घनश्याम, विशाल सहित कई सफाई कर्मियों ने भी सफाई नायक को सम्मानित किया।

**समीक्षा बैठक**

**विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति ने दिए निर्देश**

# बिजली चोरी रोकने को नियमित की जाए छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के प्रस्तावित अध्ययन भ्रमण के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, लाइन लॉस, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता और विद्युत चोरी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति एवं सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह ने की।

बैठक में समिति के सदस्य अनूप गुप्ता, पवन सिंह चौहान, मानवेंद्र सिंह, उमेश द्विवेदी, इं. अवनीश सिंह पटेल मौजूद रहे। बैठक में पूर्व निर्धारित 31 बिंदुओं पर समीक्षा की गई और अधिकारियों व अभियंताओं से बिंदुवार आख्या ली गई। समिति ने जिले में वास्तविक विद्युत आपूर्ति की स्थिति, फीडरवार आंकड़े और आगामी अप्रैल, मई व जून में बिजली आपूर्ति की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान ट्रांसफार्मरों की स्थिति, मीटरयुक्त फीडरों की संख्या, लाइन लॉस, विद्युत चोरी व अनियमितताओं को रोकने के लिए विजिलेंस टीम की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। समिति ने निर्देश दिया कि बिजली चोरी रोकने के लिए नियमित छापेमारी कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही समिति ने स्कूलों के ऊपर से जाने वाले हाई टेंशन तारों का शत-प्रतिशत विस्थापन सुनिश्चित करने और विद्यालयों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और लंबित कनेक्शनों को जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया गया।

जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए गए। सभी संबंधित अधिकारी नियमित अनुश्रवण कर विद्युत संबंधी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे। विद्युत अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई करने, जुर्माना और दंडात्मक प्रावधान लागू करने पर भी समिति ने जोर दिया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने समिति के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिलाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश यादव, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक राकेश कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत राजबाला, अधिशासी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में दिशा-निर्देश देते समिति के सभापति व सदस्य। ● अमृत विचार

## राजेश सिंह बने ब्लाक अध्यक्ष

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विकासखंड बनीकोडर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की नई ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। राजेश सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष, उदय कुमार अग्रवाल को मंत्री, शैलेन्द्र द्विवेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और दिनेश प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि संगठन शिक्षकों के अधिकारों, मान-सम्मान और समस्याओं के समाधान के लिए सदैव संघर्षरत रहा है। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी से शैक्षिक गुणवत्ता सुधार व शिक्षक हितों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह, जनपदीय मंत्री उमा नाथ मिश्र, कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवेंद्र द्विवेदी, संयुक्त मंत्री सुनील त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी जय कुमार, उपाध्यक्ष श्याम किशोर बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया हिंदू नव संवत्सर उत्सव



नव संवत्सर उत्सव मनाते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हिंदू नव वर्ष पर शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार मौर्य के चैंबर में भारतीय नव संवत्सर 2083 का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता देवी शरण गुप्ता, वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता कुंज बिहारी गुप्ता, अनूप कुमार यादव, लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुल प्रजापति, अधिवक्ता परिषद के सूर्य नारायण पाण्डेय 'सत्यम', मुकेश दीक्षित, देवेश तिवारी सहित रामनगर विधानसभा से प्रत्याशी राम लखन शुक्ला, आशुतोष वर्मा, महामंत्री संदीप मिश्रा, दयाशंकर श्रीवास्तव, अनूप यादव, रवींद्र वर्मा, सुनीता रावत, रविंद्र मौर्य, सहदेव मौर्य, दुखराज पांडे और विजय पाल वर्मा मौजूद रहे। सभी ने हिंदू नव संवत्सर के इसे सनातन संस्कृति का प्रतीक बताया।

न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध हालात में युवक ने की आत्महत्या

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** बुधवार देर रात थाना कासिमपुर के बेहसार गांव निवासी आलोक सिंह पुत्र स्नेह कुमार सिंह (32) ने घर के कमरे में पंखे पर साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी प्रीति जो शाहजहांपुर जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स के अनुसार, पति आलोक शाम को घर लौटे, खाना खाया और बच्चों को बाहर भेजकर कमरे में चले गए। देर होने पर प्रीति ने दरवाजा खोला तो आलोक लटकते हुए मिले। शोर मचाने पर पड़ोसी पहुंचे, शव उतारा गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आलोक दो भाइयों में बड़े थे और परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे कछौना कस्बे के तिलक नगर में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रह्मकुमार सिंह के किराए के मकान में परिवार संग रहते थे। वे इंडियन गैस एजेंसी, बांसा में मैनेजर थे। उनके दो बेटियां हैं। घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंचे बघौली क्षेत्राधिकार प्रवीण कुमार यादव। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। संदिग्ध परिस्थितियों के चलते छानबीन जारी है।



### मैरिज लॉन में लटका मिला युवक का शव

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के सीमऊ गांव निवासी उमेश द्विवेदी (32) पुत्र हरिमोहन दयाल गांव के बाहर एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन था। गुरुवार शाम उसका शव पेट्रोल पंप के बगल में बने एक मैरिज लॉन में फंदे से लटका देख सनसनी फैल गई। सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही पत्नी लक्ष्मी व अन्य परिजन रो-रोकर कर बेहाल हो गए। उसका एक बेटा शिवांश है। वह दो भाइयों में संजय से छोटा था।

# मेडिकल कॉलेज में दो महिला स्वास्थ्य कर्मियों में हुई मारपीट

## दोनों ने पुलिस को दी तहरीर, प्रिंसिपल ने गठित की जांच कमेटी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज के महिला अस्पताल में उस वक्त हंगामा बरपा हो गया, जब वहां तैनात स्टाप नर्स और एमपीडब्ल्यू के बीच नोकझोंक के बाद चोटी नोचनें और चप्पल चलने की घटना हो गई। पुलिस को दोनों तरफ से तहरीर दी गई है, वहीं प्रिंसीपल डा.जेबी गोगोई ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित कर दी है।

जानकारी के बुधवार को महिला अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स रीमा यादव और एमपीएचडब्ल्यू (बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) मेनका के बीच नोंकझोंक हो रही थी। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक-दूसरी की चोटी पकड़ कर चप्पलें चलने लगी, जिससे वहां हंगामा हो गया। सबसे खास बात रही कि सबके सब तमाशबीन बने रहे, कोई भी बीच-बचाव करने आगे नहीं बढ़ा। रीमा यादव और मेनका ने पुलिस को अलग-अलग तहरीर दी है। उधर मेडिकल कालेज के प्रिंसीपल डा.जेबी गोगोई ने डा.नरेंद्र, डा.पोखरिया, डा.कंचन और शिवम यादव की चार सदस्यीय टीम को जांच सौंपी है।

### मोबाइल रिपेयरिंग के दुकानदार को पीटा

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में गोविंद मोबाइल शॉप के दुकानदार गोविंद निवासी स्टेशन कछौना कस्बा को दबंग मिलन पुत्र गजराज निवासी नटपुरवा ने जमकर पीटा। युवक टूटी मोबाइल स्क्रीन बनवाने आए थे, लेकिन दुकानदार ने बिना गारंटी के मरम्मत की सलाह दी तो वे गुस्से में आ गए। उन्होंने गोविंद को दुकान से खींचा, गाली-गलौज की और उसके भाई राहुल समेत दोनों को पीटा। पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस कार्रवाई थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज मिल गई है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

### दुकान में रखा सामान फेंका, रुपये लूटे, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के राघौपुर चौराहे पर दुकान में रखे सामान को फेंकने और पांच हजार रु लूटने के मामले में नेवादा गांव के प्रधान पति समेत लगभग एक दर्जन लोगों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम नेवादा निवासी सुधा देवी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि राघौपुर चौराहे पर दुकान है। जिसे अनिल कुमार निवासी नेवादा से राघौपुर चौराहे पर 10 अक्टूबर 2023 को उप निबंधक कार्यालय बिलग्राम के कार्यालय में 20 लाख रुपए में दुकान खरीद कर बैनामा कराया था, कब्जा भी था। परिवार के लोग दुकान कर रहे थे। 10 सितंबर 2025 को समय 8 बजे सुबह नेवादा गांव के रमाकांत, अमोल तिवारी, अमोल तिवारी की पत्नी, योगेश पांडेय, नेवादा के प्रधान पति दुर्गेश अवस्थी, देवेंद्र पांडे, शोभित, नंदी दीक्षित, राघोपुर निवासी संजय चौरसिया दुकान पर आए दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखा सामान निकालने लगे। बहु शिखारानी, लड़के अंकुश, सुधांशु ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने दुकान में रखी कोल्ड ड्रिंक व अन्य सामान फेंक दिया और पांच हजार रुपये लूट लिए। लगभग दो लाख का सामान का नुकसान हो गया है। कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मां ज्वाला की पावन ज्योति का पाली नगर में आगमन

संवाददाता, पाली, हरदोई

- सवायजपुर विधायक ने पुष्पवर्षा कर लिया आशीर्वाद

**अमृत विचार।** गुरुवार को नगर के पंथवारी देवी मंदिर पर दोपहर मां ज्वाला देवी की ज्योति के आगमन में भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। भक्त तरह-तरह से माता रानी को मनाते नजर आए। किसी ने नाचकर तो किसी ने जयकारा लगाकर माता को मनाया। ज्वाला मां की ज्योति के आगमन में भक्तो ने बड़ी श्रद्धाभाव के साथ जगह-जगह मां का स्वागत कर पूजन-अर्चन किया ।

नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ ज्वाला देवी की ज्योति के आगमन की खुशी में भक्तों ने जगह- जगह प्रसाद वितरित कर पुण्य का लाभ उठाया। आपको बता दें कि बीती 15 मार्च को पाली नगर से 62 सदस्यीय भक्तों का जत्था माँ ज्वाला देवी धाम को ज्योति लेने के लिए रवाना हुआ था जो कि गुरुवार को मां की ज्योति लेकर वापस आया इस मौके पर सवायजपुर विधायक कुंवर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने माँ ज्वाला की दिव्य ज्योति व भक्तों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद लिया तथा मां ज्वाला देवी की ज्योति के आगमन की खुशी में पाली पहुँचने से पूर्व आँझी रेलवे स्टेशन, शाहाबाद, परेली के साथ साथ कई जगहों पर स्वागत किया गया। पाली से सैकडों की सँख्या में भक्त अपने वाहनों से माँ ज्वाला देवी की ज्योति के स्वागत के लिए पहुंचे। माँ ज्वाला की पावन ज्योति को पंथवारी देवी मंदिर परिसर में स्थापित कर दिया गया है।



शोकसभा में मौजूद पत्रकार। अमृत विचार

### दो पत्रकारों के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कार्यालय पर शोकसभा आयोजित कर साथियों के निधन पर शोक जताया। संस्था के जिला महासचिव रजनीश सिंह लम्बे समय से बीमारी से ग्रसित चल रहे थे। गुरूवार उनके निधन की खबर सुनकर साथियों में शोक की लहर दौड़ गई। इधर ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन से जुड़े रहे पड़रा लखनपुर निवासी पत्रकार रजनीकांत पटेल का निधन पर क्षेत्र में दु:ख की लहर दौड़ गई। लोगों ने घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। श्री पटेल भी बीमारी के चलते पीड़ित चल रहे थे। साथियों के असमय निधन को लेकर लोगों ने दु:ख प्रकट किया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष नन्द किशोर गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, रामनरेश आर्य, मनीष तिवारी, संजय मौर्या, श्याम सुंदर शर्मा, प्रमोद गुप्ता, गौरव कश्यप आदि मौजूद रहे।

### फील्ड ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला प्रभारी अधिकारी जनगणना विनय वर्मा ने बताया है कि जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी अनुनय झा व अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/जिला जनगणना अधिकारी प्रियंका सिंह के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के अंतर्गत चयनित 134 फील्ड ट्रेनर्स में से प्रथम एवं द्वितीय बैच के 68 फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 16 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 18 मार्च को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शेष 68 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 मार्च, 2026 से 25 मार्च के मध्य आयोजित होगा।

# हिन्दू नव वर्ष लोगों में नई ऊर्जा व चेतना का प्रतीक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारतीय नववर्ष के प्रतीक वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक श्री शिवस्वरूप ने अपने उद्बोधन में वर्ष प्रतिपदा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसी दिन से विक्रम संवत का प्रारंभ होता है, जिसे भारतीय कालगणना का आधार माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन सृष्टि की रचना का प्रारंभ हुआ था। साथ ही, महान सम्राट विक्रमादित्य द्वारा शकों पर विजय प्राप्त कर इसी दिन से अपने विजय संवत की स्थापना किए जाने का उल्लेख भी मिलता है। यह दिवस भारतीय समाज में नवचेतना, नवआरंभ, ऊर्जा एवं सकारात्मक संकल्प का प्रतीक है। यह केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि आत्ममंथन, आत्मसंयम और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के पुनः स्मरण का अवसर है। उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु पंच परिवर्तन के विषयों पर विशेष जोर दिया। स्वदेशी जीवनशैली का अपनाना, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, सामाजिक समरसता एवं एकता, परिवार प्रबोधन एवं सुदृढ़ पारिवारिक व्यवस्था और नागरिक कर्तव्यों का पालन एवं जागरूकता आज समाज ही नहीं राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक हैं।



कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया

इस अवसर पर संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, विचार एवं उनके द्वारा स्थापित संगठनात्मक मूल्यों का विशेष स्मरण किया गया। डॉ. हेडगेवार ने एक सशक्त, संगठित एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का जो स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और समर्पण का प्रेरणास्रोत है।

# डीसीएम की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में सण्डीला रोड पर ऐराकाकेमऊ गांव के पास बुधवार की देर शाम डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई।

ग्राम ऐराकाकेमऊ निवासी अजय पाल बुधवार की शाम छह बजे बाइक से अतरौली की ओर से तेल पिराकर घर जा रहा था, तभी रास्ते में सण्डीला रोड पर गांव से थोड़ा पहले सामने से आ रही एक डीसीएम ने टक्कर मार दिया, जिससे अजय पाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन अजय पाल को इलाज के लिए सीएचसी भरावन ले गये, जहां पर हालत गम्भीर देख डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ के लिए चलते ही थोड़ी ही दूर पर रास्ते में अजय पाल ने दम तोड़ दिया। मां चंदाकली की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। टक्कर मार कर डीसीएम लेकर चालक फरार हो गया। अजय पाल मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। पत्नी विमला के साथ 4 वर्ष का एक पुत्र आदित्य है।



अजय पाल की फाइल फोटो।

### इफ्तार पार्टी में बताई रोजे की अहमियत

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के मदार नगर निवासी समाजसेवी हाजी राशिद खान ने 29वें रोजे. का सामूहिक इफ्तार पार्टी अपने आवास पर आयोजित की। इफ्तार से पहले पूर्व विधायक बदलू खान ने रोजे की अहमियत व उसकी फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत, भाईचारे व इंसानियत का पैगाम देता है। कहा कि रोजा इंसान को बुराइयों से दूर रहने व नेक रास्ते पर चलने की सीख देता है। इफ्तार के समय सभी रोजेदारों ने एक साथ खजूर व पानी से रोजा खोला। आयोजक राशिद खान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव व एकता को मजबूत करने का काम करते हैं।

# पत्नी को लेने ससुराल पहुंचे युवक ने ससुर से हाथ छुड़ा कर ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

संवाददाता, हरदोई

- मायके में रह रही पत्नी व बच्चों को ईद पर विदा कराने के लिए लखनऊ से आया था युवक

**अमृत विचार।** बच्चों के साथ मायके में रह रही पत्नी को लखनऊ से विदा कराने आए पति की कहासुनी हो गई। ससुर हाथ पकड़ कर समझाने की कोशिश करने लगा। उसी बीच दामाद उसका हाथ छुड़ाकर भागा और ट्रेन के आगे कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने शव कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

लखनऊ के न्यू हैदरगंज थाना फरीदीपुर निवासी हकीमुद्दीन (35) पुत्र मंगल अली स्क्रैप का कारोबार करता था, उसकी पत्नी रुखसाना करीब दो साल से बेटियों के साथ मायके कनेहटा लालपालपुर कोतवाली शहर में रह रही थी। हकीमुद्दीन महीने या दो महीने पर पत्नी और बच्चियों से मिलने आता था। ईद पर बच्चों को लेने के लिए बुधवार को ससुराल पहुंचा, उसी दिन शाम को साथ चलने की बात पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी, बात बनाने के लिए ससुर जैनुद्दीन बीच में आ गया, वह दामाद का हाथ पकड़ कर उसे समझाने की कोशिश कर रहा था, उसी बीच वह ससुर का हाथ छुड़ा कर बाहर भागा और दक्षिण तरफ से निकली रेलवे लाइन पर पहुंचा, तभी लूप लाइन पर ट्रेन आ गई और वह उसके आगे कूद गया, ससुर पीछे से दौड़ कर पहुंचा, लेकिन उससे पहले दामाद की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर हकीमुद्दीन के घर वाले पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। लेकिन शव लखनऊ ले जाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। मिशन आत्म संतुष्टि के अध्यक्ष राजवर्धन सिंह राजू ने अपने खर्चे पर गाड़ी भेजी, तब कहीं हकीमुद्दीन का शव उसके घर पहुंच सका। जहां उसे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### ठगी का शिकार होने पर निराश होकर युवक ने की थी आत्महत्या

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** प्रतियोगी परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर की गई ठगी से आहत होकर अमन ने जान दी थी। घटना के बाद उसके मोबाइल चैट से खुलासा होने पर पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

बता दें कि कस्बा सफीपुर के मोहल्ला सराय सूबेदार पूर्वी निवासी राजस्व निरीक्षक विजय श्रीवास्तव के 24 वर्षीय पुत्र सलिल उर्फ अमन ने बीती 5 मार्च को जहरीला पदार्थ निगल लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए जहां 7 मार्च को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। परिजनों को शुरु में आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं थी लेकिन बाद में मृतक के मोबाइल की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। मोबाइल चैट से पता चला कि स्टेशन रोड निवासी एक व्यक्ति ने अमन को प्रतियोगी परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर उससे बड़ी रकम ले ली थी। परीक्षा परिणाम आने के बाद जब वह असफल हुआ तो उसने रुपये वापस मांगे लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। बताया जा रहा है कि रुपये न मिलने व ठगी का एहसास होने के बाद अमन मानसिक तनाव में रहने लगा। जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठा लिया। मामले का खुलासा होने पर पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

### रमजान माह में गरीबों मजलूमों की मदद करने का सही मौका

**पुरवा उन्नाव, अमृत विचार।** माह-ऐ-रमजान के मुबारक महीने के अंतिम सप्ताह में क्षेत्र की मस्जिदों में कुरआन पाक की तिलावत कर तरावीह की नमाज मुक्कमल हुई। नगर के विभिन्न मोहल्लों की मस्जिदो में उलमाओं द्वारा माह-ऐ-रमजान के पाक महीने में कुरआन पाक की तिलावत कर तरावीह नमाज अदा कराई गई। जिसमें पीराशाह की जामा मस्जिद, बस स्टाप, वजीरगंज, खानजादा, छब्बयन टोला, दलीगढी, जिंवाबाड़ी, शीतलगंज, मियाटोला, हटिया रोड आदि मस्जिदों में उलमाओं द्वारा कुरआन पाक मुक्कमल कराई गई।

# साण्डी विस्फोट कांड: दूसरे आरोपी की पत्नी की भी लखनऊ में हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** साण्डी विस्फोट कांड के दूसरे आरोपी इरशाद की पत्नी की भी गुरुवार को लखनऊ में मौत हो गई। खिड़िया मोहल्ले में 26 फरवरी को सांडी कस्बे के मोहल्ला खिड़कियां के पटाखा गोदाम में विस्फोट हुआ था, जिसके आरोपी दिलशाद और इरशाद की पत्नी झुलस गईं थी, उनमें से एक आरोपी दिलशाद की पत्नी शाज़िया की 4 मार्च को लखनऊ में मौत हो चुकी थी। विस्फोट कांड में तीन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज दिलशाद व इरशाद को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अज्ञात आरोपी का पता नहीं चल पा रहा है। बताते चलें कि 26 फरवरी को मोहल्ला खिड़किया में पटाखा गोदाम में विस्फोट होने से शाज़िया पत्नी दिलशाद व रुबिया पत्नी इरशाद बुरी तरह झुलसी थीं। पटाखा गोदाम में हुआ विस्फोट इतना ज़बरदस्त था कि गोदाम की दीवारे ज़मीदोज़ हो गई थी, उसके अलावा आस-पड़ोस के मकानों में दरारे तक पड़ गई। शाज़िया व रुबिया को सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां से दोनों को हायर सेंटर लखनऊ रिफर किया गया था। उधर साण्डी कस्बा इंचार्ज श्याम बाबू की तहरीर पर दिलशाद, इरशाद व एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों आरोपियो. को गिरफ्तार कर अज्ञात की तलाश की जा रही थी, उसी बीच 4 मार्च को शाज़िया की मौत हो गई थी, जबकि रुबिया ने गुरुवार को दम तोड़ दिया। रुबिया के दो बेटे आलिम व सालिम है।

### आखिरी सफर में नहीं पहुंच सका हम-सफर

**हरदोई।** विस्फोट कांड के आरोपी दिलशाद और इरशाद जेल में है, 4 मार्च को दिलशाद की पत्नी शाज़िया की मौत होने पर माना जा रह आ था कि कम से कम वह पत्नी के आखिरी सफर में साथ होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, वह जेल की सलाखो के पीछे सारा दिन फूट-फूट कर रोता रहा। गुरुवार को रुबिया की मौत हो गई।

# बिना सूचना के चकंबदी चौपाल के आयोजन पर किसान नाराज, एसडीएम को भेजा पत्र

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** बिना काश्तकारों को जानकारी दिये गुपचुप तरीके से चकबन्दी विभाग द्वारा चकबन्दी चौपाल का आयोजन कर जबरन गांव में चकबंदी कराने के विरोध में बड़ी संख्या में किसानों ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर अपने निर्देशन में बैठक करने व चकबन्दी लेखपाल को हटाने की मांग की है।

गांव फिरोजपुर खुर्द निवासी अजय, अर्पित, सुरेश, राजपाल, सुरेंद्र सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम को दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि गांव में 18 मार्च को चकबंदी लेखपाल द्वारा बिना काश्तकारों को जानकारी दिये चकबंदी चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें वह बैठक को औपचारिकता में निपटाकर जाने लगे तभी गांव के काश्तकारों को जानकारी हुई तो बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए और बैठक का कारण पूछने लगे। इस पर विभागीय कर्मियों ने कोई समुचित जवाब नहीं दिया और तहसील आकर जानकारी करने को कहा। जिस पर किसान चकबन्दी न कराने की मांग दोहराने लगे। ग्रामीणों ने एसडीएम से अपने व जिला चकबंदी अधिकारी के निर्देशन में पुनः बैठक कराने व लेखपाल को गांव से हटाने की मांग की है। एसडीएम सफीपुर शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। इसे लेकर एसओएसी से पत्राचार किया जा रहा है।



एसडीएम को प्रार्थनापत्र देते लोग।

### पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर चोर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 3 शातिर चोरों को पकड़ा है। इनके पास से चोरी के रुपये से खरीदी गई 2.50 लाख की स्पोर्ट्स बाइक व चोरी में प्रयुक्त औजार व नगदी बरामद हुई है। बांगरमऊ कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक राकेश कुमार टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से उन्हें सूचना मिली कि उन्नाव मार्ग स्थित केशवपुर के पास 3 संदिग्ध युवक किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़े हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी राज कश्यप उर्फ रजत, राजा कश्यप व साहिल उर्फ मो. रहमान निवासी निवासी कांशीराम कॉलोनी सदर कोतवाली को दबोच लिया।

बैठक | पीस कमेटी की बैठक में की शांति से त्योहार मनाने की अपील

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

- एसडीएम ने बैठक में अराजक तत्वों को दी चेतावनी

**अमृत विचार।** नवरात्र व ईद-उल-फितर पर्व को शांति व सौहार्द वातावरण में संपन्न कराने के लिये गुरुवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें एसडीएम ने अफवाह फ़ैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसमें एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं व मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। किसी प्रकार की नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। विसर्जन के मार्गों का निरीक्षण पहले ही कर लिया जाएगा। चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की भ्रामक व सांप्रदायिक पोस्ट साझा न करें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका के जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि त्योहारों में प्रकाश व्यवस्था व साफ-सफाई दुरुस्त रखी जाए। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने कहा कि जनता से संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। बैठक में कस्बा चौकी इंचार्ज न्यूटन सिंह, शहंशाह खां, हाजी लईक खां, रविकांत गुप्ता, सुधीर मिश्रा "सिद्धू", विमल शुक्ला, मुफ़ीस अहमद, रवि दीक्षित, सभासद राहुल शुक्ला, तौकीर अंसारी, नासिर अली, आफाक अहमद, इसरार अहमद, कृष्ण बाजपेई दुल्ली, मो. आफाक, अनिल कुमार, समाजसेवी फजलुर्रहमान, जमीर खां आदि मौजूद रहे।




**मुकद्दस रमज़ान**



- 30वां रोज़ा-
- अफ्तार-शुक्रवार 6:21 बजे

# रोज़े हुए रुख्सत, हिन्दुओं के घर देवियों ने दी दस्तक

**खालिद अय्यूबी, हरदोई**





ईद की तैयारियों के लिए खरीदारी करते पुरुष व महिलाएं।

**अमृत विचार।** रोज़े रुख्सत होते ही चैत्र नवरात्र शुरु हो गए। रमज़ान में मस्जिदों मे इबादत की जा रही थी, उसी बीच चैत्र नवरात्र में देवियों की आराधना कर जीवन की नकारात्मकता को दूर करने के लिए मंदिरों में जयकारे गूंजने लगे हैं। एक तरफ रोज़े रखने से घर रहमत बरसती है, उसी तरह से चैत्र नवरात्र में की गई उपासना, आराधना और माता रानी की साधना उनके भक्तों के लिए समृद्धि व खुशहाली के द्वार खोल देती है।

पिछले महीने की 18 तारीख से रोज़े की शुरुआत होते ही मस्जिद में तरावीह और घरों से इबादत की आवाज़ गूंजने लगी थी, रोज़ेदार पहले अशरे में कसरत से इबादत कर रहमत की बारिश से सराबोर हुए। गुरुवार को 29 वें रोज़े को चैत्र नवरात्र के पहले दिन शैल पुत्री की घर-घर पूजा-अर्चना की गई, मंदिरो. में जयकारे गूंजने लगे। देवी के नौ स्वरूपो की आराधना कर भक्तो के जीवन की नकारात्मकता दूर होती है। जैसे रमज़ान में की गई इबादत से रोज़ेदार के ऊपर खुदा की रहमत बरसती है, उसी तरह से देवियों की उपासना, आराधना और साधना भक्तो के लिए उनकी समृद्धि के द्वार खोल देती है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन से कलश स्थापना होने लगी, मंदिरों में देवी मां के जयकारे गूंजने लगे। सुबह की पौ फटते ही मंदिरों के बाहर भक्तों की लम्बी-लम्बी कतारें लग जाती है।

## पूजन सामग्री खरीदने को लगी रही भीड़

**हरदोई, अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र शुरु होते ही पूजन सामग्री से बाज़ारें और दुकानें सज गई। मंहगाई के चलते मिट्टी के कलश की काफी मांग है। वहीं बोने के लिए जौ की भी खरीदारी हुई। उसके अलावा पूजन सामग्री में मां की प्रतिमा, लाल चुनरी, आम के पत्ते, कलावा चढ़ा हुआ नारियल, रोली, अक्षत, धूप, दीप, कपूरश्रंगार सामग्री, गंगा जल और फल की खूब बिक्री हुई। लोगों ने विधि विधान से घरों में कलश की स्थापना की।



दुकान पर पूजन सामग्री खरीदती युवतियां। अमृत विचार

## प्रथम दिन की गई मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना

**हरदोई, अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को शहर व कस्बों में मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही, जहां भक्तों ने माता रानी की पूजा अर्चना विधिविधान से कलश स्थापना कर की। सांडी कस्बा स्थित मां मंगला देवी शक्तिपीठ मंदिर व दुर्गा देवी मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही और जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे। घरों में लोगों ने कलश की स्थापना की। मल्लावां संवाददाता के अनुसार कस्बे में नवरात्र पर देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों ने माता रानी की पूजा अर्चना की गुरुवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता मान देवी मंदिर , मां दुर्गा देवी मंदिर, मां गायत्री देवी मंदिर, मां बुद्धा देवी, फूलमती देवी, कुलदेवी, आशा देवी मंदिरों में सुबह से ही विधि विधान से पूजन अर्चन किया। घरों में भी माता रानी की स्थापना कर पूजा अर्चना की गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### बालिका से दुष्कर्म में 10 साल की कड़ी कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मनमोहन सिंह ने बालिका से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि थाना माधौगंज क्षेत्र के रुदामऊ निवासी राजेश ने 13 जनवरी 2017 की रात पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले की रिपोर्ट पीड़ित की माता ने दर्ज कराई थी। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के सामने पेश किए गए गवाहों, सबूतों और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपी पर दुष्कर्म का जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई। 10 साल की कड़ी कैद और 5000 रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई।

### आग लगने से तीन बीघे फसल व जंगल जला

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पीपरगांव के मजरा ओला पट्टी सोलिहा में गुरुवार को दोपहर दो बजे अचानक खेतो के पास भीषण आग लग गई। जिसमे तीन बीघा फ़सल, 20 बीघा जंगल जल गए। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। 2 बीघा फ़सल जमा, 1 बीघा फ़सल परिक्रमा का गेंहू और सरसो और बीस बीघा जंगल रामपाल शुक्ला, नीलेश, सुखपाल, गोपाली, इंद्रपाल, रमेश, राजू, राजकिशोर, मुन्ना, विजय, शंकर, अवनीश, नागेंद्र, हिंगारी, राहुल के जल गए।

# मेडिकल कॉलेज के 7 में से 6 काउंटर बंद

## चिकित्सक को दिखाने के बाद दवा के लिए घंटों लाइन में लगकर मरीज व तीमारदार परेशान

**संवाददाता, हरदोई**





काउंटर के अंदर मोबाइल पर व्यस्त कर्मचारी (गोले में) व दवा काउंटर के बाहर मरीजों और तीमारदारों की लगी लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज में दवा वितरण के 7 काउंटर है, लेकिन उनमें से सिर्फ एक ही काउंटर काम कर रहा है, जबकि 6 काउंटर बंद पड़े है। गुरुवार की सुबह हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई, दवाई लेने के लिए सैकड़ो मरीज़ बेहाल दिखाई दिए, जबकि अंदर बैठे जिम्मेदार अपने-अपने मोबाइल पर उंगलियां थिरका रहे थे। उसी में से देर से खड़े एक मरीज़ ने दवा क्या मांग दी, जैसे कि उसने बहुत बड़ा अपराध कर दिया। अंदर मोबाइल चला रहे शख्स ने लताड़ लगाते हुए कहा 'चुप -चाप खड़े रहो'। उसके बाद करणी सेना के दखल से दूसरे काउंटर खोले गए।

क्षत्रिय करणी सेना के ज़िलाध्यक्ष राजा ठाकुर ने मेडिकल कालेज की व्यवस्था पर सवाल उठाए है। उन्होनें सोशल मीडिया पर दवा काउंटरों की बदहाली सामने रखी है। उन्होंने कहा कि दवा के 7 काउंटर है, गुरुवार को केवल एक ही काउंटर पर ही दवाई दी जा रही थी, उस काउंटर पर सैकड़ों की भीड़ थी जिसके चलते सारे मरीज परेशान थे, उसी बीच दवा काउंटर के अंदर झांक कर देखा गया तो दवाई बांटने वाले अपने-अपने मोबाइल पर उंगलियां थिरका रहे थे, काफी देर से वहां खड़ा मरीज़ जब थक गया तो उसने 'भइया दवाई दे दो, तबियत बिगड़ रहै' बस इतना ही बोल पाया था कि अंदर से आवाज़ आई, चुप-चाप खड़े रहो, देख नहीं रहे हो कि काम हो रहा है। ऐसी बदहाल व्यवस्था का पता होते ही क्षत्रिय करणी सेना ज़िलाध्यक्ष राजा ठाकुर तुरंत पहुंचे और विरोध किया, जिस पर आनन-फ़ानन में दवा के 4 काउंटर तुरंत शुरु कराए गए, तब कहीं मरीज़ो को राहत मिल सकी। राजा ठाकुर ने कहा कि जानबूझ कर व्यवस्था को अव्यवस्था में बदला जाता है, ज़िम्मेदार अपनी ज़िम्मेदारी से भाग रहे है। क्षत्रिय करणी सेना मुख्यमंत्री से शिकायत करेगी।

# ईद की नमाज़ ईदगाह में अदा करें मुसलमान : शहर क़ाज़ी

**संवाददाता, संडीला, हरदोई**

**अमृत विचार।** शहर क़ाज़ी सैय्यद मो. आरिफ़ अब्दुल्लाह ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि ईद-उल-फ़ित्र और ईद-उल-अज़हा की नमाज़ ईदगाह में अदा करना सुन्नत है, इसलिए सभी लोगों को चाहिए कि वे अधिक से अधिक संख्या में ईदगाह पहुंचकर नमाज़ अदा करें और इस सुन्नत पर अमल करें। उन्होंने बताया कि ईद की नमाज़ से पहले ग़ुस्ल करना, साफ-सुथरे और बेहतर कपड़े पहनना, आंखों में सुरमा लगाना तथा खुशबू का इस्तेमाल करना भी सुन्नत अमल है, जिन्हें अपनाकर इंसान सवाब हासिल कर सकता है।

कहा कि नमाज़ के बाद दिया जाने वाला खुतबा बहुत अहम होता है, इसलिए उसे पूरी तवज्जो और खामोशी के साथ सुनना चाहिए। खुतबा इंसान को दीन की सही समझ और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करता है, इसलिए इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अहमद सईद नक्शबंदी ने बताया कि चांद की तस्दीक होने के बाद ईदगाह में नमाज़ सुबह 9:30 बजे अदा की जाएगी। नमाज़ के दौरान बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमेटी पूरी तरह सक्रिय है। इस मौके पर अंजुमन के उपाध्यक्ष माज़ अहमद, हसन मक्की और महासचिव नौमान खान समेत अन्य पदाधिकारियों ने ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# अंबेडकर पार्क में लगेगा कलरफुल फाउंटेन

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे विवेकानंद सभागार में 5वें वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड फंड) में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष प्राप्त प्रस्तावों की स्वीकृति के सम्बन्ध मे बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि का उपयोग स्थानीय नागरिकों के हित में पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से किया जाए। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रस्तावों में से कुछ को छोड़कर शेष प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौराहों को विकसित किया जाये, एक अच्छा वेन्डिगं जोन बनाया जाये तथा हर नगर पालिका मे मोबाइल ट्वायलेट की व्यवस्था की जाए। कहा कि नगर पालिका हरदोई में अम्बेडकर पार्क में कलरफुल फाउन्टेन लगाया जाये। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों और अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे निरंतर सहयोग एवं समर्पण के साथ कार्य करें। अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष हरदोई, पिहानी, गोपामऊ, सभी ईओं, सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।





पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

## डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 65 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में गुरुवार को कुल 65 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संचारी रोग रोकथाम तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रथम विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान (01 अप्रैल-30 अप्रैल) की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में जिला टास्क फ़ोर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन तहसीलों में तहसील टास्क फ़ोर्स की बैठक नहीं हुई है, वहां कल ही उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक करा ली जाए। अगली बैठक तक सभी विभाग अपना माइक्रोप्लान पूर्ण कर लें तथा उसी अनुसार आगे कार्यवाही करें। इस बार गर्मी अधिक होने की संभावना है इसलिए लू का प्रकोप भी अधिक रहेगा, अतः पीने के पानी की समुचित व्यवस्था स्कूलों, अस्पतालों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर की जाए। बच्चे स्कूल में फुल शर्ट तथा फुल पैंट पहनकर आयें, जिससे लू एवं मच्छरों से बचाव हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों में 11 अप्रैल व 21 अप्रैल को सघन स्वच्छता अभियान चलाया जाये। मलिन बस्तियों में क्लोरीन की गोलियां बांटी जाए एवं क्लोरोनेशन डेमो किया जाए।

## कौथेलिया ग्राम पंचायत में दर्जनों इंडिया मार्का हैंडपंप खराब

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कौथेलिया व अस्यौली में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। बताते चले कि प्रदेश सरकार विकास कार्य के लिए लाखों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन यह योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही है। गांव का विकास कार्य सिर्फ कागजों पर ही किया जा रहा है। लाखों खर्च होने के बाद भी विकास से वंचित है। ग्राम पंचायत ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव में दर्जनों इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। गर्मी के मौसम में प्यास बुझाने के लिए ग्राम पंचायत में लगवाए गए। सरकारी हैंड पंप इन दिनों शोपीस बने हुए हैं। बताते चले कि मरम्मत और रिपोर्ट के नाम पर लाखों रुपए का बजट बनाकर प्रधान व सचिव मिलकर बंदरबाट कर रहे हैं।



खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप।

# गांव में स्कूल का प्रचार-प्रसार करने गई टीम पर हमला, 4 केस दर्ज

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** गांव में स्कूल का प्रचार प्रसार करने गई स्कूली टीम पर मामूली बात को लेकर चार लोगों ने हमला बोल दिया, जिसमें टीम का एक सदस्य घायल हो गया। जिनकी तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के आरपीके पब्लिक स्कूल की टीम स्कूल में प्रवेश संख्या बढ़ाने के लिए बुधवार को जलपीपुर गांव गई हुई थी। रास्ते में स्कूल का वाहन खड़ा था, जिसको लेकर गांव निवासी जयप्रकाश, मनोज, विजयपाल पुत्रगण चंद्रपालऔर रत्नेश की स्कूल की टीम के साथ कहां सुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया चारों लोगों ने स्कूली टीम पर हमला कर दिया, जिससे टीम में शामिल अध्यापक प्रदीप कुमार दीक्षित निवासी मुरौली कठेरियान घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी बसंत राम कुशवाहा ने बताया कार्यवाही की जा रही है।



## भव्य कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड भरावन ग्राम रसूलवा में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा एवं संत प्रवचन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कथावाचक कृष्णावतार मिश्रा के सान्निध्य में भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। कलश यात्रा गांव रसूलवा से प्रारंभ होकर गोमती तट तक पहुंची, जहां विधि-विधान से कलश भरकर पुन: यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भूपेंद्र सिंह, अर्जुन शुक्ला, मनोज बाजपेई, टिंकू, दीपक अवस्थी, सौम्य तिवारी, पोनू शुक्ला, सूरज सिंह, विशाल शुक्ला सहित अनेक श्रद्धालु रहे।

# हाईवे व मुख्य मार्गों की झाड़ियों की सफाई का कार्य एक सप्ताह में कराएं : सीडीओ

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि हाईवे एवं मुख्य मार्गो की झाड़ियों की कड़ाई/छटाई का कार्य संबंधित विभाग अपने-अपने मार्गो पर एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। ई-रिक्शों को तय रूट पर चलाने के संबंध में सीडीओ ने यातायात निरीक्षक को निर्देश दिये कि ई-रिक्शों को निर्धारित रूट पर ही चलवायें तथा उल्लघंन करने वाले चालकों पर कार्यवाही करें। सीडीओ ने एआरटीओ को निर्देश दिये अभियान चलाकर प्रतिदिन सौ ई-रिक्शों पर वार कोड लगवाना सुनिश्चित करें और ओवर लोड एवं ओवर हाईट सामान लेकर चलने वाले ट्रक, टैक्टर/ट्राली व अन्य वाहनों का चालान करने के साथ ही वाहन का पंजीयन निरस्त करें तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु दुर्घटना बाहुल स्थानों पर साईनेज लगवायें। बैठक में सीडीओ ने उपस्थित बस एसोसियन पदाधिकारियों से कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन के तहत गांवों से ब्लाक व तहसील स्तर पर 15 से 28 सीटर बसे 10 वर्ष के अनुबंध पर चलायी जायेगी, ग्राम परिवहन के तहत बस चलाने के इच्छुक बस मालिक 28 मार्च 2026 तक परिवहन कार्यालय

**आयोजन** चैत्र नवरात्र के पर्व पर सरस्वती शिशु मंदिर एवं सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं की पहल

# छात्र-छात्राओं ने लोगों को लगाया तिलक, निकाली प्रभातफेरी

**संवाददाता, हरदोई**



नववर्ष के महत्व के बारे में पंफलेट बांटकर लोगों को जागरूक करते स्कूली बच्चे।



नववर्ष के स्वागत प्रभात फेरी निकालते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पर्व पर सरस्वती शिशु मंदिर एवं सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने एक अनूठी पहल करते हुए हिंदू नववर्ष का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने कटरा बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचकर आम जन मानस को तिलक लगाकर उनके लिए मंगल कामना की। इस बीच पिहानी सर्किल के सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य बिंदु सिंह, कार्यालय प्रभारी समीर बाजपेई एवं सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अवनीश सिंह के नेतृत्व में प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में शामिल छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और सांस्कृतिक नारों के साथ नगर का भ्रमण किया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया। छात्र-छात्राओं ने लोगों को भारतीय संस्कृति और नववर्ष के महत्व के बारे में जागरूक किया। राहगीरों और दुकानदारों ने इस पहल का स्वागत करते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में संस्कार, अनुशासन और सांस्कृतिक जागरूकता का विकास होता है। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला प्रेरणा दायक कदम बताया।

## हिन्दू नववर्ष पर नगर में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर पाली कस्बे में गुरुवार सुबह भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। श्रीराम नाम संकीर्तन समिति पाली के तत्वावधान में आयोजित इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने भाग लिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह सात बजे श्रद्धालु माता पंथवारी देवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए, जहां से प्रभात फेरी की शुरुआत की गई। प्रभात फेरी नगर के विभिन्न गली-मोहल्लों से होकर निकली, इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीराम के जयकारों और संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# किसानों को मिले बीज व प्रशस्ति पत्र



गांधी भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मनित किए गए लाभार्थी किसान। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने के अवसर पर विगत नौ वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों को जनमानस को अवगत कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग, पशुपालन विभाग और उद्यान विभाग ने गांधी भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में सतीश कुमार पांडेय, उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए बताया की विभाग द्वारा विगत नौ वर्षों में कृषक ऋण मोचन के अंतर्गत 122850 कृषकों की 69261.47 लाख रुपए के बैंक का कर्ज माफ किया गया। बीज वितरण के अंतर्गत कृपकों को 1,60,918 कुंतल बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर एवं 30 हजार कुंतल बीज निःशुल्क मिनिकिट के रूप में वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा बुकिंग के माध्यम से ई-लाटरी के माध्यम से चयनित 50 किसानों को मूंगफली, मूंग और उर्द का निशुल्क मिनीकिट बीज वितरण और कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 20 कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.41 बजे
अफ्तार : 06.30 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.48 बजे
अफ्तार : 06.21 बजे

# सिवईं-खोया के बढ़े भाव फलों पर महंगाई की मार

## नवरात्र व ईद पर बाजार का हाल- भाव पूछकर लौट रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।



मुख्य बाजार में बिकती सिवइयां। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवरात्र पर्व आरंभ हो गया। पहले दिन खरीदारों की भीड़ बाजार में दिखी। ऐसे में उन्हें बढ़े हुए भाव देखने को मिले। फल मंहगे थे, सिवईं और खोया के दाम भी बढ़े हुए थे।

नवरात्र के साथ ईद पर्व के चलते वृहस्पतिवार सुबह से ही लालबाग बाजार में भीड़ थी। फलों और खासकर सिंवई व खोया की दुकान पर खरीदार अधिक थे। फलों की खरीदारी कर रहीं रामकोट से आई पार्वती ने सेब के भाव पूछे तो फल खरीदने से पहले रुक गईं। कहती हैं कि सेब का रेट पिछले दिनों सौ-सवा सौ रुपये प्रति किलो था। अचानक दो दिनों में 150 कैसे हो गया। अंगूर 130 रुपये प्रति किलो और केला 80 का भाव पार करता मिला। उधर, खोया 350- 400 रुपये प्रति किलो बिकता हुआ देख पुराने शहर से आए मुन्ना और शिवा नोकझोंक करते मिले। बढ़ती भीड़ के साथ पुलिस गश्त पर रही।



शिवा



मुन्ना

### ईद मनाने को लेकर सोशल मीडिया रहा सक्रिय

ईद शुक्रवार को है अथवा शनिवार को। इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर तमाम सी प्रतिक्रिया शाम तक जारी रहीं। हलांकि सायंकाल उलेमाओं का बयान आने के बाद प्रतिक्रियाओं को विराम मिला।

### चैत्र नवरात्र के पहले दिन बधाइयों भरे संदेश

चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ लोगों ने प्रातः काल से बधाइयां देना आरंभ कर दीं। सोशल मीडिया पर बधाइयों के साथ भजन और कीर्तन की भी दिन भर धूम रही।

### प्रमुख खाद्य पदार्थ और फलों के भाव

| खाद्य प्रदार्थ / फल | प्रति किलो |
|---|---|
| सिवइयां लच्छेदार | 120-170 रुपये |
| सिवइयां | 60-100 रुपये |
| खोया | 350-400 रुपये |
| सेब | 150-180 रुपये |
| अंगूर | 130-150 रुपये |
| केला | 80-100 रुपये |
| संतरा | 100-120 रुपये |
| नारियल पानी | 70-90 रुपये |



शहर की मुख्य बाजार लालबाग में लगी खरीदारों की भीड़। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**लहरपुर।** बाइक से घर लौट रहे बाइक सवार युवक की हादसे में घायल होने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई की है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गन्नी टोला निवासी 35 वर्षीय अंबुज शुक्ला घायल हो गया था। कार की चपेट में आए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि भाई अनूप शुक्ला की तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी के जेवर व नकदी के साथ महिला गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में सिधौली पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रही एक महिला को नगदी और जेवरात के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विजयेंद्र सिंह के मुताबिक, गठित पुलिस टीम ने कोनी घाट के पास से अभियुक्ता शहनाज पुत्री वकालत निवासी सिद्धेश्वर नगर को धर दबोचा।

### स्वास्थ्य शिविर में 46 मरीजों की हुई जांच

**लहरपुर।** स्थानीय विकासखंड परिसर में प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विशेष शिविर में डॉ. राशिद अली, डॉ. खुशनूद आलम और डॉ. सरोजलता समेत पैरामेडिकल टीम ने 46 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें परामर्श व दवाएं दीं।

### घर में घुसकर मारपीट, महिलाओं से अभद्रता

**सीतापुर / मिश्रिख।** क्षेत्र में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। यहां एक युवक के विरोध करने पर दर्जन भर दबंगों ने घर में घुसकर तांडव मचाया। मारपीट में महिलाओं समेत करीब सात लोग जख्मी हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पीड़ित रामू ने आरोप लगाया कि देर रात गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। इसके बाद पंकज, अनमोल, गुंबर सहित करीब 8-10 लोग घर में घुस आए और जमकर मारपीट की। दबंगों ने महिलाओं से अभद्रता की और घर के दरवाजे व सामान भी तोड़ दिए। पीड़ितों ने पंकज, सूरज और नेतराम समेत 8 नामजद व अन्य के खिलाफ तहरीर दी है।

### लुधियाना से लापता बालक सीतापुर में मिला

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** लुधियाना जनकपुरी इलाके से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ सात वर्षीय बालक रेलवे स्टेशन सीतापुर से बरामद किया गया। आरपीएफ की सूचना पर चाइल्ड हेल्प लाइन ने परिवार को सूचना दे दी है। बताते हैं कि लुधियाना निवासी सात वर्षीय बालक साबिर हुसैन घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकला था। इसी के बाद वो लापता हो गया। गुम बालक की सूचना परिवार ने संबंधित थानों और रेलवे स्टेशन पर दे दी। इसी के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। उधर, सीतापुर रेलवे स्टेशन पर बच्चा मिलने की सूचना के बाद खलबली मच गई। चाइल्ड हेल्प लाइन यूनिट मौके पर पहुंची। आरपीएफ पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुत्तों व बंदरों के हमले से कई लोग घायल

**खैराबाद।** खैराबाद कस्बा व आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों कुत्तों और बंदरों की दहशत है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद में प्रतिदिन औसतन आधा दर्जन लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। खैराबाद इलाके के अशरफपुर निवासी नैमिष कुमार के मुताबिक, वे दवा लेने जा रहे थे। इसी दौरान कुत्तों का झुण्ड हमलावर हो गया। सब्जी लेने निकले अमित मनोहर लाल को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। वहीं, जैनपुर का मासूम गोलू खेलते समय कुत्तों के हमले का शिकार हो गया। सीएचसी प्रभारी खैराबाद डॉ. राहिल फरीद के मुताबिक, कुत्ता और बंदरों के काटने से घायल हुए मरीजों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाने आ रहे हैं।

## चिकित्सकों को एफएमसी का दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जिला महिला चिकित्सालय में चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों के लिए फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज से संबंधित एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में एनीमिया (खून की कमी) के त्वरित और प्रभावी उपचार के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने बताया कि एफएमसी माध्यम और गंभीर एनीमिया के उपचार में बेहद कारगर है। इसके माध्यम से एक ही बार में 1 हजार मिग्रा तक आयरन की खुराक दी जा सकती है, जिससे हीमोग्लोबिन का स्तर तेजी से बढ़ता है और मरीज को बार-बार अस्पताल नहीं आना पड़ता। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि इस तकनीक से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी और जनपद के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार होगा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न केंद्रों के चिकित्सकों व नर्सों ने हिस्सा लिया।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, पांच लोग गंभीर

संवाददाता, सीतापुर।

- अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में बीते 48 घंटों के भीतर हुए सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य घटनाओं में कई लोग बाल-बाल बचे।

पहली घटना मानपुर थाना क्षेत्र के भिमरी गांव में पानी भरकर जा रही अर्चना (35) को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। खैराबाद सीएचसी में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद तीन बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। पुलिस ने आरोपी चालक ललित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना महमूदाबाद के अतरौली आलू स्टोर के पास सेंट्रो कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पलट गई। इसकी चपेट में आकर बाइक सवार आकाश (18) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। तीसरी घटना इमलिया सुल्तानपुर के गोला-कस्ता मार्ग पर श्रद्धालुओं से भरी बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई। बस गोला गोकर्णनाथ से नैमिषारण्य जा रही थी। गनीमत रहा, हादसे में सभी यात्री सुरक्षित हैं। चौथी घटना रामपुर मथुरा-गुलेचा मार्ग पर बांसुरा गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से कार निकाली, जिसमें सवार तीन लोग सुरक्षित बच गए।

# चैत्र नवरात्र : नैमिषारण्य में उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता मिश्रिख / नैमिषारण्य।

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध पावन तीर्थ नैमिषारण्य में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व के प्रथम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मां ललिता देवी के दर्शनों के लिए तड़के सुबह से ही भक्तों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा, जिससे पूरा तीर्थ क्षेत्र जय माता दी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

शक्तिपीठ मां ललिता देवी के मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ का आलम यह था कि मंदिर परिसर से लेकर मुख्य मार्गों तक कई किलोमीटर लंबी लाइनें देखने को मिलीं। भक्त घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन माता के दर्शन की लालसा में उनके चेहरे पर थकान की जगह भारी उत्साह नजर आया। श्रद्धालुओं ने पवित्र चक्रतीर्थ में स्नान कर माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई।



मंदिर परिसर में जमा श्रद्धालुओं की भीड़।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती रही ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग और छाया की भी व्यवस्था की गई थी।

### भक्ति भाव के साथ नवरात्र का शुभारंभ



**लहरपुर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बृहस्पतिवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना विधि-विधान से की गई। श्रद्धालुओं ने घरों में घट स्थापना कर व्रत का संकल्प लिया। क्षेत्र के प्रसिद्ध केसरीगंज देवी मंदिर, पूरबिन देवी मंदिर, भोलिया बाबा और संतोषी माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। केसरीगंज में 'जय माता दी युवा जागरण समिति' द्वारा नौ दिवसीय महोत्सव और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ। कथा व्यास पंडित वीरेंद्राचार्य (नैमिष धाम) ने कहा कि भागवत कथा कलिकाल में मोक्षदायिनी और पापों से मुक्ति दिलाने वाली है। वहीं, पूरबिन देवी मंदिर में गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ और सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अभिनव त्रिवेदी, मनोज गुप्ता, महेंद्र अवस्थी, रमानिकेत सिंह और जय सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# त्योहारों को लेकर डीएम-एसपी ने परखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, सीतापुर।



ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम-एसपी।

**अमृत विचार :** आगामी नवरात्रि और ईद के त्योहारों को देखते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी मंदिर और चक्रतीर्थ पहुंचकर सुरक्षा व कानून व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसपी ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए, वहीं डीएम ने चक्रतीर्थ के पुजारी से वार्ता कर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने को कहा। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने तरीनपुर स्थित ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज के मद्देनजर तैयारियों को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस व प्रशासन के अन्य आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

# भारासेनी मंदिर में नवरात्र मेला शुरू

संवाददाता, मछरेहटा।

**अमृत विचार :** भारतीय सनातन संस्कृति में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि रचना आरंभ की। गांव से लेकर शहरों तक देवी मंदिरों में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

स्थानीय भारासेनी मंदिर पूरे क्षेत्र में आस्था, भक्ति और श्रद्धा का केंद्र माना जाता है। वासंती नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर से भव्य कलश यात्रा मछरेहटा कस्बे से होती हुई निकली जो कुंदौली तीर्थ पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी मिश्रिख विशाल गुप्ता और थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।



मछरेहटा स्थित भारासेनी मंदिर से निकली कलशयात्रा। अमृत विचार

### कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा

**रामपुर मथुरा।** रामपुर मथुरा क्षेत्र में नवरात्र को लेकर विभिन्न मंदिरों व घरों में साफ सफाई के साथ विधि विधान से कलश स्थापना कर पूजा की गई। प्रथम दिन हिमालय राज की पुत्री शैलपुत्री की पूजा होती है, जिन्हें शक्ति का स्वरूप माना गया है। सुबह से ही घरों में व्रत रखने वाली महिलाएं मंदिरों में पहुंचकर शक्ति स्वरूपा के दर्शन कर घरों में स्थापित कलश का विधि विधान से पूजा कर व्रत की शुरुआत की गई।

जल भरने के बाद पुनः मंदिर परिसर में कलश स्थापित कर पूजन अर्चन शुरू हुआ। मेला कमेटी के प्रबंधक संतोष शुक्ला ने बताया कि मंदिर परिसर में लगने वाला मेला 26 मार्च तक होगा। जिसमें कलाकारों द्वारा रामलीला और रात्रि में श्रीकृष्ण लीला का मंचन किया जायेगा।

### अल्लाह के नियमों पर चलना ही कामयाबी



क़ारी हसन साकिब तय्यब उस्मानी

**खैराबाद।** दरगाह हजरत बड़े मखदूम साहब में 28वें रमजान को तरावीह मुकम्मल होने के अवसर पर जायरीन को संबोधित करते हुए सज्जादा नशीन शोएब मियां के सुपुत्र क़ारी हसन साकिब तय्यब उस्मानी ने कहा कि रमजान का महीना अल्लाह की नेमत है। यह हमें अपने चरित्र और आचरण को सुधारने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। सज्जादा नशीन नजमुल हसन शोएब मियां ने मुल्क में अमन-ओ-अमान और वैश्विक स्तर पर ईरान, अमेरिका, इजराइल युद्ध विराम के लिए विशेष दुआ की। उन्होंने कहा कि खैराबाद गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है। कार्यक्रम में हाफिज अरसलान हसनी ने तरावीह पढ़ाई। इस दौरान समर अहमद, अतीक अहमद सहित बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

### केवीके कटिया में किसानों ने सुना भूमि सुपोषण का मंत्र



महिला किसानों को शपथ दिलाते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

**बिसवां।** कृषि क्षेत्र में मृदा स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए शुरू हुए भूमि सुपोषण एवं संरक्षण जन अभियान के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ का सजीव प्रसारण गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में किसानों को दिखाया गया। महाराष्ट्र के जलगांव से प्रसारित कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान पद्मश्री सुभाष शर्मा ने भी प्राकृतिक खेती पर बल दिया। केवीके कटिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया एस श्रीवास्तव ने पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय को जरूरी बताया। मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने मिट्टी में जैविक कार्बन बढ़ाने के लिए हरी खाद और वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग की सलाह दी।



चुनाव के दौरान हाथ उठाए ग्रामीण। अमृत विचार

### सुशीला बनीं कोटेदार, 173 मतों से विजयी

**संवाददाता, हरगांव। अमृत विचार :** विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत गुरधपा में सरकारी राशन की दुकान के चयन के लिए खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ने की। चयन प्रक्रिया के तहत सुशीला यादव पत्नी कपिल यादव व आकाश वर्मा के दो आवेदन हुये थे। जिसमें दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में ग्रामीणों ने हाथ उठाकर मतदान किया। मतगणना में सुशीला यादव को 214 मत मिले तथा आकाश वर्मा को 41 मत मिले। सुशीला यादव 173 मतों से विजयी घोषित किया गया। ग्राम पंचायत सचिव ने पूरी प्रक्रिया को प्रस्ताव रजिस्टर पर दर्ज किया। वहीं पराजित प्रत्याशी आकाश वर्मा ने पुलिस व पंचायत सचिव पर चुनाव में धांधली करवाने का आरोप लगाया है। इस मौके पर एडीओ पंचायत जय प्रकाश वर्मा, एडीओ आईएसबी शैलेश गुप्ता व हरगांव थाना प्रभारी बलवंत शाही मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### रेशम मेला, चौपाल एवं प्रदर्शनी का आयोजन

**नेरी।** ग्राम नेरी में गुरुवार को रेशम विकास विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत राजकीय रेशम फार्म नेरी पर 'रेशम मेला, चौपाल एवं प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 205 रेशम कृषकों ने प्रतिभाग किया। चौपाल के आरंभ में सहायक निदेशक रेशम अमित रघुवंशी ने मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के तहत शहतूत पौधरोपण, उससे होने वाले लाभ, योजना की गाइडलाइन तथा रेशम उत्पादन की तकनीकी जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने किसानों को रेशम कीट पालन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।



गेट के बाहर धरने पर बैठे ग्राम प्रधान। अमृत विचार

### भुगतान न होने पर भड़के प्रधान, ब्लॉक में जड़ा ताला

**कमलापुर।** कसमंडा विकास खंड कसमंडा के गेट पर मनरेगा कार्यों के तहत मिस्त्री भुगतान न होने से नाराज ग्राम प्रधानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष कुमार भार्गव के नेतृत्व में लामबंद हुए प्रधानों ने ब्लॉक के मुख्य गेट पर ताला जड़कर धरना शुरू कर दिया, जिससे कार्यालय का कामकाज ठप हो गया। हंगामे की सूचना मिलते ही खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव और जेई शिवकुमार पटेल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित प्रधानों को समझाते हुए आश्वासन दिया कि मनरेगा से हुए गलत भुगतान को 24 घंटे के भीतर कैंसिल कर मिस्त्री के लंबित भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। हालांकि, अध्यक्ष संतोष भार्गव ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो प्रधान दोबारा उग्र आंदोलन और तालाबंदी के लिए विवश होंगे।

### मनरेगा बचाने के लिए निर्णायक संघर्ष का आह्वान

**बिसवां।** 'मनरेगा बचाओ यात्रा' के चौथे दिन गुरुवार को भीमपुर, लक्ष्मणपुर और रमुवापुर सहित कई गांवों में जनसभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया। लक्ष्मणपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए डॉ. आरपी वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता के संवैधानिक अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में जनहित में बने कानूनों को भाजपा खत्म करने पर तुली है। वहीं, शिवप्रकाश सिंह ने मनरेगा की रक्षा के लिए एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष करने की बात कही। महिला अधिकारों पर जोर देते हुए सुनीला रावत ने अपनी आवाज बुलंद की, जबकि जन नेता राजकुमार मिश्र ने सामाजिक व आर्थिक बराबरी के लिए जाति जनगणना को अनिवार्य बताया।

### शीशम का पेड़ चोरी, लकड़ी लदी पिकअप बरामद



**नैमिषारण्य।** तीर्थ क्षेत्र नैमिषारण्य और आसपास के इलाकों में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने देर रात एक किसान के खेत में खड़े शीशम के कीमती पेड़ पर आरा चला दिया। चोरों ने हरे-भरे पेड़ को काटकर टुकड़ों में बांटा और उसे एक पिकअप वाहन पर लादकर ले जाने की फिराक में थे। हालांकि, पुलिस और स्थानीय सक्रियता के चलते चोरों की योजना धरी की धरी रह गई। चोरी की गई लकड़ी से लदी हुई पिकअप गाड़ी को परिक्रमा मार्ग पर बरामद कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चोरों की तलाश जारी है।

# संजीवनी के इंतजार में फीकी पड़ी सेवइयों की मिठास

शिवकुमार मौर्य, रामपुर मथुरा (सीतापुर)

**अमृत विचार :** कटान पीड़ित परिवार इस बार ईद की खुशियों से महरूम हैं। बेघर हुए करीब सैकड़ों परिवारों में से 16 मुस्लिम समुदाय से जुड़े परिवार बुनियादी सुविधाओं के अभाव में किसी तरह जीवन यापन कर राहत की बाट जोह रहे हैं। बाढ़ और कटान प्रभावित रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र में सरयू नदी की उफनती लहरों ने इस बार न सिर्फ जमीन और आशियाने निगले, बल्कि कई परिवारों की खुशियां भी बहा ले गईं। ईद जैसे पवित्र त्यौहार के मौके पर भी इन कटान पीड़ितों के घरों में सेवाइयों की मिठास फीकी साबित हो रही।



आवंटित जगह पर छप्पर डाल कर रहते हुए कटान पीड़ित। अमृत विचार

- बाढ़-कटान रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र के कटान प्रभावित करीब 16 परिवारों को राहत का इंतजार

ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा के कुन्नपुरवा गांव का नाम अब मानचित्र से लगभग मिट चुका है। कटान की जद में आये गांव के सैकड़ों परिवार बेघर हो गए। प्रशासन ने विस्थापितों को बसाने के लिए जमीन तो मुहय्या कराई, लेकिन उनके जीवनयापन और बुनियादी जरूरतों की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। सरकारी भूमि पर बसे करीब 16 मुस्लिम परिवार आज भी तिनकों के सहारे अपना आशियाना खड़ा किए हुए हैं। इनके मुताबिक, न पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था है और न ही कोई स्थायी रोजगार। ऐसे में ईद की खुशियां इनके लिए एक अधूरी ख्वाहिश बनकर रह गई हैं। कटान पीड़िता मेहरुन्निसां की आंखों में दर्द साफ झलकता है। वह कहती हैं कि सरयू ने हमारा सब कुछ छीन लिया। अब ईद कैसे मनाएं, समझ नहीं आता। वहीं इदरीस बताते हैं कि त्यौहार अब बस नाम भर का रह गया है। न कोई सहूलियत मिली, न ही कोई सहारा। मजदूरी कर किसी तरह गुजारा कर रहे हैं।



मेहरून्निसा



इदरीस

### त्योहारों पर शांति व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की बैठकें संपन्न

**महोली/औरंगाबाद।** आगामी ईद, नवरात्रि और रामनवमी के त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए नैमिषारण्य थाने और महोली कोतवाली में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं। नैमिषारण्य में क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर का प्रयोग शासन के मानकों के अनुसार ही होगा। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं, महोली कोतवाली में प्रभारी जंग बहादुर पांडे व नायब तहसीलदार ने लोगों से आपसी भाईचारे की अपील की। कोतवाली प्रभारी ने निर्देश दिए कि नवरात्रि के मद्देनजर सड़क किनारे संचालित मीट की दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। बैठक में त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया।

### पर्व को लेकर बैठक, दिए निर्देश

**हरगांव।** ईद एवं नवरात्र पर्व को लेकर थाना प्रभारी बलवंत शाही की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बलवंत शाही ने लोगों से अपील की है कि ईद आपसी सौहार्द पूर्ण रूप से मनाएं। साथ ही नवरात्र पर्व भी है। सभी लोग एक दूसरे का सम्मान कर त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाएं। अगर कोई विवाद की वजह हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, क्षेत्रीय प्रधान और बीडीसी सदस्य, सहित गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### मनरेगा सभाओं का किया गया आयोजन

**बिसवां।** मनरेगा बचाओ यात्रा भीमपुर, लक्ष्मणपुर, रमुवापुर, खंजहापुर, कल्याणपुर में मनरेगा सभाओ का आयोजन किया। लक्ष्मणपुर में सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. आरपी वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने जनता के हक मे जो कानून बनाए थे भाजपा उनको खत्म करने मे जुटी है। सारे संवैधानिक अधिकार खत्म कर भाजपा जन विरोधी कानून बना कर नागरिकों पर हमलावर है। यात्रा के दौरान सभाओं का संचालन रोशनी गुप्त ने किया। यात्रा में श्रीराम बौद्ध, सर्वेश राज आदि ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### खेल मैदान से सोलर लाइट चोरी, शिकायत

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के कुसमी गांव में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्होंने सार्वजनिक संपत्ति को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बीती रात खेल मैदान स्थित जिम सेंटर से अज्ञात चोर दो सोलर लाइट उखाड़ ले गए, जिससे करीब 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान उर्मिला देवी पत्नी परमेश्वर ने जगतपुर थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों ने मैदान में लगी सोलर लाइटों को निशाना बनाया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगातार हो रही चोरियों से दहशत का माहौल है, लेकिन पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### रजत पदक जीतने पर मेधावी सम्मानित

बछरावां, रायबरेली। विकास क्षेत्र के ग्राम रघुनाथ खेड़ा मजरे रैन की रहने वाली उषा गौतम पुत्री स्व. रामनाथ गौतम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। बचपन से ही उसका एक पैर खराब था, पर उसने इस कमी को अपनी योग्यता में परिवर्तित कर दिया। सातवीं राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में उसने रजत पदक जीतकर अपने जिले को गौरवान्वित किया। खेल मैदान पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्याम सुंदर भारतीय ने उसे सम्मानित किया। इस अवसर पर हरीश चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी आस्था, मां के लगे जयकारे

## मंदिर और घरों में हुई कलश स्थापना, डीएम-एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए उमड़े भक्त। अमृत विचार




मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतीं डीएम हर्षिता माथुर साथ में एसपी रवि कुमार।

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र के पहले दिन जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ और दुर्गा मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखने को मिलीं। "जय माता दी" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान मंदिरों और घरों में लोगों ने विधिविधान से पूजन अर्चना और कलश स्थापना किया। वहीं दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। शहर के मां मंसा देवी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां संकठा देवी मंदिर, रालपुर स्थित मिनी वैष्णो मंदिर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में लोगों देर शाम तक उमड़े रहे। इस दौरान परिसर में पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। इस दौरान जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने मां मंशा देवी जी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया।श्रद्धालुओं की सुविधा एवं भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जगतपुर क्षेत्र के शंकरपुर स्थित मां दुर्गा मंदिर में सुबह चार बजे से ही परिसर में साफ-सफाई और पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो गया था। दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम को विशेष पूजा और भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद, रायबरेली के जिला महासचिव दीपक कुमार, सोनम, शिवांकर, शुभांकर, अमित कुमार, निखिल यादव सहित कई लोगों ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी शिव बहादुर बाजपेई, शिवम बाजपेई व रमन बाजपेई ने बताया कि भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। नवरात्र भर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम निरंतर चलता रहेगा।

**महानायक राना बेनी माधव यहां करते थे पूजा:** जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर और कस्बा जगतपुर से लगभग 2 किलोमीटर दूर शंकरपुर स्थित यह प्राचीन मंदिर राना बेनी माधव बक्श सिंह इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार पर स्थित है। 1857 की क्रांति के महानायक राना बेनी माधव बक्श सिंह की कर्मभूमि में उनके पूर्वजों द्वारा निर्मित यह मंदिर आज शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से दर्शन-पूजन करने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

### तड़के से ही शक्तिपीठों में गूंजने लगे देवी गीत

लालगंज, रायबरेली। चैत्र नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष के प्रथम पावन दिवस पर लोगों ने दुर्गा मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना किया। लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता और उनके प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता के द्वारा कस्बे में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की गई ।साथ ही मंदिरों और चौराहों पर चूने का भी छिड़काव किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्र में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था रहनी चाहिए। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद बताया कि हिंदू नव वर्ष और नवरात्र के प्रथम पावन दिवस पर मां दुर्गा की पूजा का विशेष महत्व है। आज के दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जो शक्ति, स्थिरता और आस्था का प्रतीक हैं। वही गेगासो संकटा देवी मंदिर के व्यवस्थापक पं. कुलदीप मिश्रा और पुजारी शिवांक मिश्रा, शिवा बाजपेई ने बताया कि मंदिर को विशेष साज- सज्जा से सजाया गया है ।आरती और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी है। पूर्व सभासद भाजपा नेता कैलाश वाजपेई ने कहा कि नवरात्र पर श्री भैरवनाथ मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। गोविंदपुर वलौली स्थित श्री शंकरेश्वर शिव मंदिर में भी मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित है। मंदिर की व्यवस्थापक मीना शुक्ला ने बताया कि संपूर्ण नवरात्र में शाम को मां दुर्गा की आरती पूजा और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जो जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लाती है ।

# वैदिक मंत्रोच्चार और श्लोकों के साथ की गई मां दुर्गा की आराधना

संवाददाता रायबरेली




चैत्र नवरात्र पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में चैत्र नवरात्रि और नव संवत्सर विक्रम संवत-2083 के प्रथम दिवस पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण के बीच आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति द्वारा शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इसके पश्चात् विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्लोकों के माध्यम से माता रानी की आराधना की। प्रधानाचार्य ने मां दुर्गा से विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि यह नव वर्ष सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए। मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, शुभम पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन भी सिलेंडर के लिए मची मारामारी

शिवगढ़, रायबरेली। वरुणा इंडियन गैस एजेंसी शिवगढ़ में दूसरे दिन गुरुवार को भी एलपीजी गैस सिलेण्डर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ रही। हालात यह रहे कि सुबह से ही एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लम्बी-लम्बी कतारें लगी रही। बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एजेंसी संचालक को दूसरे दिन भी पुलिस बुलानी पड़ी। मनोज, रमेश, दिनेश,सुरेश, राहुल आदि लोगों ने बताया कि सुबह से ही लाइन में लगे हुए हैं। गुरुवार को शाम 6 बजे तक गैस सिलेंडरों का वितरण किया। एजेंसी संचालक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि दूसरे दिन भी कुल 360 सिलेण्डर वितरत किए गए हैं। मांग अधिक होने के कारण भीड़ ज्यादा है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पारदर्शी ढंग से सिलेण्डरों का वितरण कराया गया ताकि किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो।

### वर्ष प्रतिपदा का मनाया गया विशेष उत्सव




वर्ष प्रतिपदा उत्सव पर बोलते जिला प्रचारक अजीत। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली। सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में गुरुवार को वर्ष प्रतिपदा का विशेष उत्सव मनाया गया। स्वयंसेवको ने आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक अजीत ने कहा कि वर्ष प्रतिपदा का उत्सव भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए आरएसएस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या सहित देश-विदेश में नव वर्ष के कार्यक्रम मनाए जा रहे हैं। उन्होंने डॉक्टर साहब, गुरुजी, रज्जू भैया, अटल जी और संघ के आदर्शों पर चलने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सह संघ चालक शिव प्रकाश दीक्षित ने किया। नगर प्रचारक पुष्पम, जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी, राजेश सोनी, इंद्रेश सिंह, दीपक अवस्थी, रवि शंकर बाजपेई, सत्येंद्र कुमार शुक्ला, अशोक शुक्ला, सुशील शुक्ला, अरुण कुमार सिंह, प्रो. अविनाश सिंह, पवन सिंह, सचिन रस्तोगी, मयंक सिंह आदि मौजूद रहे।

# वह आदर्श का हउवा निकला, कोकिला...

## कवि सम्मेलन

सलोन, रायबरेली




श्रीराम लीला मैदान में काव्य पाठ करते कवि। अमृत विचार

अमृत विचार। बुधवार की रात सलोन नगर के श्रीराम लीला मैदान में कविकुल के चमकदार सितारों से प्रसिद्ध कवियों की एक शाम यादगार बन गई। श्री राम कथा समापन के बाद आयोजित कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त कवियों ने रूह तक उतरने वाली रचनाओं से जमकर तालिया बटोरी। कवि सम्मेलन में शामिल प्रबुद्ध वर्ग घंटों कविताओं की वर्षा में सराबोर रहे। हास्य व्यंग के सिरमौर प्रख्यात कवि बिहारी लाल अम्बर ने पढा की- वह आदर्श का हउवा निकला, कोकिला समझा जिसे कउवा निकला, जो भी शराब के विरोध में बोला उसी के जेब से पउवा निकला। जनपद में नर कंकाल के नाम से पहचान बनाने वाले कवि मधुप श्रीवास्तव ने गैस सिलेंडर की समस्या पर हास्य व्यंग्य पढा- सुबह-सुबह श्रीमती से कहा जानेमन जरा चाय बनाओ, वह बोली हे मेरे एलेक्जेंडर पहले गैस सिलेंडर तो भराओ। कवि सूर्यांस सूर्य ने पढ़ा कि देश प्रेम क्या होता है मैं तुम्हे बताने आया हूं, विश्वगुरु थे हम मैं उसकी याद दिलाने आया हूं, सोने की चिड़िया को फिर से पंख लगाने आया हूं। राकेश श्रीवास्तव ने पढ़ा कि पाक कैसे कहु तू तो नापाक है, तेरी दुर्गंध विश्व में झाग है। कवि कमलकांत तिवारी ने पढ़ा कि कह दो भारत की संसद से और सियालदारो से, जंग नही जीती जाती है जंग लगे हथियारो से।

### एम्स में दो दिवसीय सीएसएसडी कार्यशाला का हुआ आयोजन

संवाददाता, रायबरेली। एम्स में कीटाणुशोधन आपूर्ति मानकों को सुदृढ़ करने के लिए दो दिवसीय सीएसएसडी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि केंद्रीय रोगाणु-मुक्ति आपूर्ति विभाग अस्पताल में चिकित्सा उपकरणों और सर्जिकल औजारों की सफाई, कीटाणुशोधन, विसंक्रमण और वितरण के लिए उत्तरदायी होता है। कार्यशाला का संचालन कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्टेराइल सप्लाई निगरानी, सीएसएसडी कार्यप्रवाह, प्रमाणन की तैयारी और स्टेराइल सप्लाई सुरक्षा प्रणालियों को सुदृढ़ करने में अस्पताल प्रशासन की भूमिका पर विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। संस्थान के जूनियर रेजिडेंट, नर्सिंग अधिकारी और अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ-साथ नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्रों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने शैक्षणिक सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मौके पर प्रो. डॉ. प्रबल जोशी, सीएसएसडी के संकाय प्रभारी डॉ. अरिजीत जोतदार ने आयोजन समिति के सदस्यों के सहयोग से किया। डीन प्रो. डॉ. नीरज कुमारी, उप निदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल उपेंद्र नाथ राय, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. अरुणप्रीत कौर, डॉ. गौरव उपाध्याय, डॉ. सुयश सिंह, डॉ. सना इस्लाही, डॉ. महेंद्र मीना, डॉ. शेफाली गुप्ता, नरेंद्र पाल चौधरी, डॉ. विजय वीआर रहे।

### मरीज को बचाने में पांच घंटे तक चला ऑपरेशन, मिला जीवनदान

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में ऑन्कोलॉजी विभाग ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। गंभीर रुप से ग्रसित मरीज की सर्जरी कर उसे नया जीवनदान दिया गया। इस दुर्लभ व जटिल बीमारी की सर्जरी में लगभग पांच घंटे का समय लगा। डॉ. अविनाश चंद्र सिंह सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने बताया कि स्यूडोमिक्सोमा पेरिटोनाई पीएमपी जिसे आमतौर पर जेली बेली कहा जाता है। उन्होने बताया कि यह एक बहुत ही जटिल बीमारी होती है। अपने ही शहर के रहने वाले एक मरीज की सर्जरी की गई है। अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है। अधीक्षक प्रो. डा. नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन के मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन से यह ऐतिहासिक उपलब्धि विभाग ने हासिल की है। उन्होंने बताया कि सर्जरी के बाद मरीज को किडनी की समस्या और फेफड़ों की समस्या जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन हमारी मल्टीडिसिप्लिनरी आईसीयू और सर्जिकल टीम की निगरानी और समर्पण के कारण, मरीज ने इन सभी बाधाओं को पार किया। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। यह सफलता आधुनिक ऑन्कोलॉजी और टीम की जीत है। डा. अभय राज यादव, डॉ. अक्षय, डॉ. अनुष्का, डॉ. प्रवीण आदि मौजूद रहे।

### चंदन-टीका लगाकर दी बधाई



हिंदू नववर्ष पर पर टीका लगाकर बधाई देते व्यापारी। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। हिंदू नव वर्ष पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आवाहन पर प्रदेश युवा अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष प्रभाकर गुप्ता के नेतृत्व में घंटाघर पर मंडल द्वारा नागरिकों को चंदन का टीका लगाकर फल देकर संवत्सर 2083 हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री संदीप शुक्ला, पंकज प्रजापति, जिला मंत्री शिखर श्रीवास्तव, नगर उपाध्यक्ष आलोक सिंह, संतोष गुप्ता, राज किशोर, अनिल लोहिया, अमरेश गुप्ता उपस्थित रहे।

### पवन पुत्र की चौखट पर टेका माथा



पीपलेश्वर हनुमान मंदिर में आरती करते कथावाचक राजन जी महाराज।

बछरावां, रायबरेली। जिले के सिंह द्वार पर स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध पीपलेस्वर चुरूवा हनुमान मंदिर पर गुरुवार की सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज ने मंगला आरती कर पवन पुत्र महाबली हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उनकी चौखट पर माथा टेका। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय पर 19 मार्च से 27 मार्च तक राजन जी महाराज की संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा कार्यक्रम के आयोजन में पधार रहे राजन जी महाराज ने सर्वप्रथम अपने कार्यक्रम से पूर्व इस कलयुग के साक्षात् देवता बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया है। इस मौके पर मंदिर के पुजारी ऋषि अवस्थी के द्वारा राजन जी महाराज को अंग वस्त्र एवं सुंदरकांड की पुस्तक भेंट कर उनका सम्मान किया।



जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रा को मिठाई खिलाती शिक्षिका। अमृत विचार

### तीन बच्चों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

रायबरेली, अमृत विचार। जवाहर नवोदय विद्यालय की तरफ से हर वर्ष क्लॉस छह में बच्चों की होने वाली प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें अमावां ब्लॉक के तीन बच्चों का चयन हुआ है।कॉन्वेंट स्कूलों की चकाचौंध के बीच रायबरेली के प्राथमिक विद्यालय हिलगी (अमावां) ने एक बार फिर साबित कर दिया है। गांव की प्रतिभा किसी सुख-सुविधा की मोहताज नहीं होती। प्राथमिक विद्यालय हिलगी में पढ़ने वाली दीक्षा पुत्री राम सजीवन ने परीक्षा पास की है। कक्षा पांच की होनहार छात्रा दीक्षा ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में पूरे जिले में 55वीं रैंक के साथ सफलता का परचम लहराया है। प्रधानाध्यापिका गरिमा सिंह, शिक्षक आकांक्षा गर्ग, राखी वर्मा, वरुणेंद्र सिंह, अंकित यादव, विनीता ने छात्रा का सम्मान किया है। प्राथमिक विद्यालय पूरे महिपतगंज में पढ़ने वाली छात्रा सपना मौर्य पुत्री सहदेव का चयन भी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में हुआ है। उनका चयन होने के बाद प्रधानाध्यापक मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, रमेश सिंह व कमलेश कुमारी आदि ने बधाई दी है।

### बिना जिलाधिकारी की अनुमति भूमि का हो गया सौदा, की शिकायत

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। तहसीलदार के विरुद्ध एक बड़ा मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री समेत आलाधिकारियों को की गई है। ताजा मामला भूमि विक्रय का है। जिसमें बिना डीएम की अनुमति लिए न सिर्फ भूमि का विक्रय हुआ अपितु तहसीलदार ने इस भूमि का नामांतरण भी कर दिया। ऐसे कुल 13 मामलों की सूची शासन को शिकायती पत्र के माध्यम से भेजी गई है। ऊंचाहार तहसील में भ्रष्टाचार के लगातार मामले सामने आ रहे है। नगर के निवासी वाडले गौतम ने मुख्यमंत्री समेत राजस्व के आलाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर हलचल मचा दी है। आरोप है कि तहसील का निबंधन कार्यालय हो या तहसीलदार कार्यालय, हर जगह नियम कानून ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। उन्होंने अपने शिकायती पत्र में एक सूची संलग्न करते हुए लिखा है कि पूरे सूबेदार मजरे धूता निवासी दिनेश कुमार रामलाल, धर्मा देवी नसीरनपुर, प्रिया श्रीवास्तव रामसांडा, राजेश मुतवल्लीपुर, विक्रम चौहान निवासी गढ़ी मनिहर, जमुनावती निवासिनी पूरे बाग मजरे मनिहर शर्की, लालती यादव निवासिनी धूता, सुनीता निवासिनी भीमगंज मुंशीगंज आदि मामलों में न सिर्फ भूमि विक्रय के नियमों को ताक पर रखा गया अपितु तहसीलदार द्वारा आंख बंद करके इनके भूमि विक्रय में नामांतरण भी कर दिया गया है।



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज में आयोजित कार्यक्रम मौजूद लोग। अमृत विचार

### गर्भावस्था में उच्च रक्त शर्करा पर सतर्कता जरूरी

रायबरेली, अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने गर्भावस्था में उच्च रक्त शर्करा पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा सीएमई कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक प्रो. डा. अमिता जैन और निदेशक अपोलो मेडिक्स प्रो. डा. विनीता, एसजीपीजीआई से डॉ. अमृत गुप्ता, आरएमएल से डॉ. ऋचा यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक प्रो. डा अमिता जैन ने गर्भावस्था में हाइपरग्लाइसेमिया के बढ़ते बोझ पर जोर दिया। रोगी देखभाल में सुधार के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के ज्ञान और नैदानिक कौशल को बढ़ाने में ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया। अपोलो मेडिक्स लखनऊ की निदेशक प्रो. डॉ.विनीता दास ने जेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस गर्भावस्थाकालीन मधुमेह के प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। जिसमें आहार संबंधी और औषधीय दोनों ही दृष्टिकोणों को शामिल किया गया। लखनऊ केजीएमयू से प्रो. स्मृति अग्रवाल ने गर्भावस्था के दौरान मधुमेह के निदान पर चर्चा की और समय पर पहचान, प्रबंधन के लिए शीघ्र जांच स्क्रीनिंग के महत्व पर जोर दिया। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना वर्मा ने शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व जिलाधिकारी के साथ मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### नए उत्तर प्रदेश की बदली तस्वीर : राकेश सचान

रायबरेली, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर में आयोजित नौ दिवसीय मेले और प्रदर्शनी में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। प्रेसवार्ता में राकेश सचान ने कहा कि नरेंद्र मोदी के विजन और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने वर्ष 2017 से विकास की नई यात्रा शुरू की, जो आज "नए भारत के नए उत्तर प्रदेश" के रूप में स्थापित हो रही है। उन्होंने बताया कि "ट्रिपल सी"-कल्चर, कनेक्टिविटी और कॉमर्स के आधार पर प्रदेश में विकास कार्यों को गति दी गई है। एक्सप्रेसवे, हाईवे और ग्रामीण सड़कों के निर्माण से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है, वहीं एयर कनेक्टिविटी में भी तेजी आई है। उन्होंने कानून व्यवस्था में सुधार को प्रमुख उपलब्धि बताते हुए कहा कि प्रदेश अब देश के बेहतर राज्यों में गिना जा रहा है। संचालन एसएस पांडेय ने किया। कार्यक्रम में डीएम हर्षिता माथुर, रवि कुमार, अंजू लता आदि मौजूद रहीं।

# गंगा तट पर उमड़ा आस्था व उमंग का संगम

- पूजा-अर्चना के साथ नव संवत्सर का हुआ अभिनंदन

ऊंचाहार, रायबरेली



ऊंचाहार के गोकना गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार। गुरुवार को चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर भगवान भास्कर की किरणे धरा पर नववर्ष का संदेश लेकर बिखरी तो गंगा तटों पर आस्था उमंग और भक्ति का संगम उमड़ पड़ा। नव संवत्सर का स्वागत लोगों ने पूजा अर्चना के साथ किया। प्रातःकाल से ही लोगों का हुजूम गंगा तटों को जाने वाले मार्गों पर नजर आया। गुरुवार को चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा हिंदू नववर्ष और वासंतिक नवरात्रि पर गंगा तटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान, कलश स्थापना और दीपदान कर नए वर्ष का मंगलमय स्वागत किया। इस दिन को सृष्टि की शुरुआत और मां दुर्गा की साधना के पहले दिन के रूप में मनाया गया। क्षेत्र के गोकना गंगा तट पर बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष बच्चे और बूढ़े पहुंचे और गंगा की बहती अविरल धारा में आस्था भक्ति की डुबकी लगाई । यहां पर मेले जैसा नजारा रहा । लोगों ने गंगा स्नान करके अपने अपने घरों में वासंतिक नवरात्रि की क्लास स्थापना के साथ पूजा अर्चना शुरू की। नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजन का विधान है। इसके अलावा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों पर भी भारी भीड़ रही । क्षेत्र के बूढ़े बाबा मंदिर मिर्जापुर ऐहारी, बड़ागांव स्थित गौरी शंकरन और ऊंचाहार के महादेवन मंदिर में जलाभिषेक के लिए भी भारी भीड़ रही । एनटीपीसी गेट नंबर दो के सामने स्थित ज्वाला देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचना शुरू गए थे । यहां पर पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा।

### पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी आयोजित




शिविर में शिक्षार्थियों के साथ शिक्षकगण। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली। आवरण स्वच्छ हो, आचरण स्वच्छ हो, जागरण हो तो पर्यावरण स्वच्छ हो। यह विचार प्रख्यात पर्यावरणविद डॉ. महादेव सिंह ने आलमपुर ग्राम में चल रहे बैसवारा इन्टर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की विचार गोष्ठी में व्यक्त किए। पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित गोष्ठी में जल जंगल और जमीन के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष धरा के भूषण है, करते दूर प्रदूषण हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ों को बचाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम अधिकारी बीरेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में छात्रों ने ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया का नारा लगाकर लोगों को जागरूक किया। गोष्ठी का संचालन श्रेया ने किया तथा लक्ष्य गीत किरन और शानू ने गाया।

### लकड़ी शिल्प केंद्र का किया भ्रमण

रायबरेली, अमृत विचार। विश्वास संस्थान में संचालित लकड़ी शिल्प कला केंद्र में उस समय विशेष हलचल देखने को मिली, जब 12 भावी आईएएस अधिकारियों का एक दल भ्रमण के लिए पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों ने केंद्र की व्यवस्थाओं, मशीनों एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया का गहन भ्रमण करते हुए पूरे कार्यक्रम की बारीकी से समझा। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रत्येक मशीन को करीब से देखा और यह समझा कि किस प्रकार इन तकनीकों के माध्यम से साधारण लकड़ी को उपयोगी एवं आकर्षक उत्पादों में बदला जाता है। साथ ही उन्होंने मशीनों के संचालन में अपनाए जा रहे सुरक्षा उपायों एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया का भी गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 700 से अधिक लाभार्थियों की सूची का अवलोकन करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति, रोजगार के अवसरों एवं स्वरोजगार की दिशा में उनके प्रयासों की जानकारी प्राप्त की।

**न्यूज ब्रीफ**

### दिनदहाड़े बाइक चोरी जांच में जुटी पुलिस

**शुकुल बाजार, अमेठी।** जनपद के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की एक घटना सामने आई है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्राम शिवाली निवासी हर्षित तिवारी ने थाना बाजार शुकुल में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार, वह 18 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे सब्ज़ी खरीदने के लिए रामलीला मैदान गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस यूपी 32 एन जे 8396 मोटरसाइकिल को तालाब के पास महुआ के पेड़ के नजदीक खड़ा किया था। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात चोर मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया। घटना के बाद हर्षित तिवारी ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच कर जल्द से जल्द वाहन बरामद करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### गंगहुआ में आग से जले घर, झुलसे मवेशी

**अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के राजस्व गांव गंगहुआ में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक लगी भीषण आग गांव में हड़कंप मच गया। तेज हवाओं के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के दो-तीन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के अनुसार आग इतनी भयानक थी कि मवेशी भी इससे बच नहीं सके और कई पशु झुलस गए। बताया जा रहा है कि एक गाय ने उसी दिन बछड़ा जना था, जो आग की चपेट में आकर झुलस गया। इस घटना को देखकर ग्रामीणों के आंखों में आंसु आ गए।

# हादसा: आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, 2 की मौत व 2 गंभीर

## जगदीशपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ने बरपाया कहर, कोहराम

**संवाददाता जगदीशपुर, अमेठी**

**अमृत विचार।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे रनकापुर गांव के पास हुई। तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए और उन पर सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान जामो थाना क्षेत्र के दतनपुर कटारी गांव निवासी 60 वर्षीय बाबूलाल पुत्र श्रीराम और जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोहब्बतपुर गांव निवासी 17 वर्षीय सोनू पुत्र पप्पू के रूप में हुई है। घटना में गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है जहां उनका इलाज जारी है। जगदीशपुर कोतवाल धीरेन्द्र यादव ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस पूरे मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।



सोनू (फाइल फोटो)

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर चहेती नगर गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जामो थाना क्षेत्र के धनेपुर गांव निवासी गौतम के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौतम सड़क पार कर रहे थे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। जगदीशपुर कोतवाल धीरेन्द्र यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी वाहन चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी नाम से बदनाम करने की शिकायत

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार।** थाना इन्हौना क्षेत्र के ग्राम सरैया सलारपुर निवासी प्रियांशु त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपने नाम से फर्जी शिकायत करने की शिकायत की है। पीड़ित ने बतायाकि उसके नाम से डाक के माध्यम से फर्जी आवेदन भेजा गया, जिसमें उनके मोबाइल नंबर, नाम और हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया गया। उक्त आवेदन में उनके पिता का नाम भी गलत अंकित था, जिससे स्पष्ट है कि यह जानबूझकर उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश है।पीड़ित ने बताया कि चिलौली गांव निवासी एक व्यक्ति जों स्वयं "राम सरन त्रिवेदी शिक्षा निकेतन" स्कूल से जुड़ा है । उन्होंने अपने ही खिलाफ मेरे नाम से शिकायत कर मुझे बदनाम करने की कोशिश की है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



नवनियुक्त जिला संयोजक राजकुमार पाण्डेय को दिया गया प्रमाण-पत्र। अमृत विचार

### किसानों की आवाज को मिलेगी नई ताकत

**अमेठी, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने संगठन को नई धार देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मध्यांचल अध्यक्ष सालिगराम यादव के निर्देश पर राजकुमार पाण्डेय को जनपद अमेठी का जिला संयोजक (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।ग्राम कोरारी गिरधरशाह निवासी राजकुमार पाण्डेय पहले से ही संगठन से जुड़े रहे हैं और समय-समय पर किसानों की आवाज बुलंद करते रहे हैं। उनकी सक्रियता और जमीनी पकड़ को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।वहीं, नवनियुक्त जिला संयोजक राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि वह संगठन की नीतियों पर चलते हुए किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे और हर गांव तक संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हक की लड़ाई को और तेज किया जाएगा तथा हर स्तर पर उनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा।इस मौके पर गीता गुप्ता, उमा पाठक, नीलम अग्रहरि, शशि प्रभाकर मिश्रा, प्रेम शंकर द्विवेदी, विनोद कुमार शुक्ला, राज नारायण द्विवेदी, धीरेंद्र शुक्ला, लाल प्रताप वर्मा, सूरज सिंह, शिवनाथ, राजेंद्र बहादुर वर्मा, चंद्रभान द्विवेदी, ओम प्रकाश, रामनरेश पाल, रामदीन मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक पर मुस्लिम धर्म अपनाने का लगाया आरोप

**संवाददाता बछरावां, रायबरेली**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। जिसमें महिला कुंडौली गांव के रेहान पुत्र इरफान अली पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कई महीनों से उक्त मुस्लिम युवक द्वारा उसका शारीरिक शोषण किया जा रहा था। वीडियो में कहा जा रहा है कि उसने उसे मुंबई, कोल्हापुर, रायबरेली और अपने रिश्तेदारियों में अपने साथ रखा। वर्तमान में वह उसे निगोहा में किराए के मकान पर रखे हुए है और पीड़िता के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि जब उसने उससे शादी करने की बात कही तो युवक ने उससे कहा कि तुम मुस्लिम धर्म अपनाओ तब मैं तुमसे शादी करूंगा। प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने बछरावां थाना से युवक की शिकायत की है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

**संवाददाता अमेठी**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अमेठी नगर ने रामलीला मैदान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और हिंदू नव वर्ष मनाया। इस अवसर पर पथ संचलन और बौद्धिक कार्यक्रम के साथ सरसंघचालक प्रणाम कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। सैकड़ों स्वयंसेवकों ने बौद्धिक और पथ संचलन में भाग लिया। मुख्य वक्ता विभाग विचारक प्रकाश ने हिंदू संस्कृति की वैज्ञानिकता और भविष्य के संकल्पों पर प्रकाश डाला। विभाग प्रचारक ने कहा कि हिंदू नव वर्ष कैलेंडर नहीं बदलता, बल्कि एक नई चेतना का संचार करता है। उन्होंने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित कर विक्रम संवत की स्थापना की थी।

विभाग प्रचारक ने एक जनवरी के साथ कोई ऐतिहासिक आध्यात्मिक कारण न होने की बात कही। इसके विपरीत, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भगवान राम के राज्याभिषेक, स्वामी दयानंद सरस्वती और डॉक्टर हेडगेवार के जन्मदिवस जैसे महान प्रसंगों से जुड़ी है। संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन का कार्य कर रहा है। व्यक्ति निर्माण पर चर्चा करते हुए गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा आचार्य के "हम बदलेंगे, युग बदलेगा" विचार का उल्लेख किया गया। इसमें कहा गया कि व्यक्ति के बदलने से ही समाज में परिवर्तन आएगा। गिरिजेश बाबू धनगर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला संघ चालक रणजीत ने पथ संचलन में भाग लेकर देश की एकता और अखंडता पर बल दिया।

बौद्धिक कार्यक्रम के बाद स्वयंसेवकों का पथ संचलन रामलीला मैदान से शुरू हुआ। यह गांधी चौक और सगरा तिराहा होते हुए पुनः रामलीला मैदान में समाप्त हुआ। संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन का कार्य कर रहा है। व्यक्ति निर्माण के महत्व पर जोर दिया गया। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा आचार्य के विचार "हम बदलेंगे, युग बदलेगा" को प्रस्तुत किया गया।



बौद्धिक में उपस्थित स्वयं सेवक। अमृत विचार

## अमेठी में मालती नदी पर लघु सेतु को मिली मंजूरी, ग्रामीणों में खुशी

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले के भादर विकास खंड के अमटाही गांव में मालती नदी पर पुल बनने का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश शासन ने राज्य योजना के तहत इस काम को मंजूरी दे दी है, जिससे इलाके के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जारी आदेश के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 में चार लघु सेतुओं के निर्माण के लिए कुल 2819.29 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी के तहत अमटाही से शंकरगढ़ मार्ग के बीच मालती नदी पर 3×12.50 मीटर स्पान का आरसीसी लघु सेतु बनाया जाएगा। इसके साथ पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, भूमि अर्जन और सुरक्षात्मक कार्य भी कराए जाएंगे। शासन की ओर से इस परियोजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 574.31 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। अमटाही और टीकर माफी के ग्रामीण लंबे समय से पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। इस मांग को श्याम ओझा और रामराज सिंह ने विधायक गरिमा सिंह और उनके प्रतिनिधि युवराज अनंत विक्रम सिंह के माध्यम से उठाया था। इसके बाद मामला सदन तक पहुंचा और अब स्वीकृति मिल गई। पुल निर्माण की मंजूरी मिलने पर श्याम ओझा, रामराज सिंह समेत क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक और विधायक प्रतिनिधि का आभार जताया है।

## विकास के लिए रहूंगा प्रयासरत: किशोरी लाल

- अमेठी सांसद ने किया मां अहोरवा भवानी का दर्शन-पूजन

**सिंहपुर, अमेठी**

**अमृत विचार।** नवरात्रि के प्रथम दिन क्षेत्र में पहुंचे सांसद किशोरी लाल शर्मा का कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उनके आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच सांसद का स्वागत कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

इस दौरान उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन दिया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात सांसद का काफिला आदिशक्तिपीठ माँ अहोरवा भवानी मंदिर पहुंचा जहाँ सांसद ने विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। मंदिर परिसर में उन्होंने मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे और उन्होंने सांसद के साथ मिलकर देवी मां के जयकारे लगाए। सांसद ने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं व दुकानदारों से संवाद करते हुए कहा कि आस्था और संस्कृति हमारी पहचान है, जिसे संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के विकास और सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही। कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी के मंदिर के सामने हाई मास्ट लाइट लगवाने की मांग को भी सहमति प्रदान की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र मोहन तिवारी, कमलेश अग्निहोत्री, परमानन्द मिश्रा, पूर्व विधायक जगदीशपुर राधेश्याम धोबी, वैभव मिश्रा, अजहरुल हक, वकार अहमद, चौधरी वहाज अख्तर, लतीफ अहमद, अशोक श्रीवास्तव, विनय रावत, श्रुति अवस्थी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी मौजूद रहे।



सांसद को सौंपा गया ज्ञापन। अमृत विचार

## नाबालिग की जबरन शादी, तीन पर केस दर्ज

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से गंभीर मामला प्रकाश में आया है जहां एक नाबालिग ने थाने पर शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर जबरन शादी करने व कराने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने तीन पर केस दर्ज किया है जिसमें कथित तौर पर दो ग्राम प्रधान सहित एक युवक शामिल है। आरोप है देवकली गांव निवासी ग्राम प्रधान समेत एक अन्य ग्राम प्रधान ने मिलकर देवकली गांव के ही एक युवक से नाबालिग की जबरन शादी करवा दी। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं नाबालिग का कहना है आरोपी के साथ उसकी केवल दोस्ती थी लेकिन गांव के कुछ लोगों ने मिलकर इस संबंध को गलत नजर से देखते हुए पंचायत बुलाई और दबाव बनाकर शादी करा दी। शिकायत के बाद उच्चाधिकारियों के कहने पर बाजार शुक्ल पुलिस ने तीन पर जिसमें देवकली निवासी राजू व कथित ग्राम प्रधान, पूरे भाले निवासी इसारत हुसैन पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बाजार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दिया गया है।

## बियर शॉप का सेल्समैन निकला जॉब कार्ड धारक, जांच में पुष्टि

**महराजगंज, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के कोटवा मदनिया गांव में मनरेगा योजना में धांधली की पुष्टि हुई है। जॉब कार्ड के नाम पर बीते 4 वर्षों से हुए फर्जीवाड़े में जॉब कार्ड के नाम पर अलग-अलग मास्टर रोल के जरिए करीब 67 हजार रुपए के घपले की शिकायत गांव निवासी अनुपम जायसवाल ने अक्टूबर 2024 में की थी। 26 नवंबर को जांच अधिकारियों ने संबंधित जॉब कार्ड धारक के हरदोई के बियर शाप पर सेल्समैन होने की पुष्टि की। ऑनलाइन संदर्भ की जांच में बीडीओ ने संबंधित कर ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी से वसूली के आदेश दिए थे। घपलेबाजी में ग्राम प्रधान समेत चार ग्राम विकास अधिकारी दोषी पाए गए। जिनसे वसूली के लिए तीन बार नोटिस भी भेजी गई। शिकायत में कहा गया था कि संबंधित जॉब कार्ड धारक द्वारा कई बार में गलत तरीके से भुगतान करवा लिया गया। आरोप है जाब कार्ड धारक सोनू जहां हरदोई गांव के बियर शॉप पर अप्रैल 2021 से कार्यरत है वही उसकी मां भी कभी मनरेगा में काम करने नहीं गई। शिकायत के बाद हुई जांच में जिला उपायुक्त मनरेगा ने खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह को शिकायत की पुष्टि होने पर संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण व वसूली के आदेश दिए गए थे। प्रकरण में संबंधित चार ग्राम विकास अधिकारियों से अजीत कुमार ने अपने पर अधिरोपित वसूली की धनराशि जमा कर दी। अवशेष वसूली की धनराशि को जमा करने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र शुक्ला, वैभव मिश्रा व कुमारी आरती एवं ग्राम प्रधान को तीन बार नोटिस भेजी गई।

## लोस में उठा सेना भर्ती कार्यालय स्थानांतरण का मुद्दा

**संवाददाता अमेठी**

**अमृत विचार।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी स्थित सेना भर्ती कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण का विषय लोकसभा में उठाया। उन्होंने नियम 377 के अंतर्गत इसे गंभीर जनहित का मुद्दा बताया। सांसद ने रक्षा मंत्री को पत्र लिखकर इस कार्यालय की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने अमेठी से अयोध्या स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव को निरस्त करने का अनुरोध भी किया। लोकसभा सचिवालय में प्रस्तुत वक्तव्य में सांसद ने स्पष्ट किया कि अमेठी स्थित सेना भर्ती कार्यालय क्षेत्र के युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्यालय भर्ती रैलियों, दस्तावेज़ीकरण, चिकित्सा परीक्षण और मार्गदर्शन जैसी प्रक्रियाओं से भारतीय सेना में भर्ती को सुगम बनाता है। कार्यालय की स्थानीय उपस्थिति के कारण अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली सहित आसपास के जिलों के युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में आसानी होती है।

सांसद ने कहा कि यदि इस कार्यालय को हटाया जाता है, तो अभ्यर्थियों को अन्य भर्ती केंद्रों तक लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। रक्षा मंत्री को लिखे अपने पत्र में सांसद ने उल्लेख किया कि वर्ष 1988 में अमेठी में इस सेना भर्ती कार्यालय की स्थापना की गई थी। इसके अंतर्गत कुल 13 जनपद आते हैं। इनमें अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, कौशांबी, बस्ती, संतकबीरनगर, श्रावस्ती, बाराबंकी, प्रतापगढ़, प्रयागराज और कुशीनगर शामिल हैं। यह कार्यालय इन सभी जिलों के युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। सांसद ने अवगत कराया कि क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क के दौरान उन्हें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा जानकारी मिली। उन्हें बताया गया कि इस कार्यालय को अमेठी से अयोध्या स्थानांतरित किया जा रहा है। युवाओं को आशंका है कि स्थानांतरण से उन्हें भर्ती प्रक्रिया में अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सांसद ने इस जनभावना को रक्षा मंत्री तक पहुंचाया और इस पर विचार करने का आग्रह किया। सांसद ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि इस सेना भर्ती कार्यालय के माध्यम से अब तक हजारों युवाओं को रोजगार और भारतीय सेना में सेवा का अवसर मिला है। इसलिए इसका स्थानांतरण उचित नहीं है। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि अमेठी स्थित सेना भर्ती कार्यालय के अयोध्या स्थानांतरण के आदेश को निरस्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### श्रीराम कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**ऊंचाहार , रायबरेली ।** नगर के रामलीला मैदान में शुक्रवार से शुरू हो रहे श्री रुद्र महायज्ञ और श्रीराम कथा से पूर्व गुरुवार को नगर में कलश यात्रा निकाली गई। नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने तथा वातावरण को दिव्य बनाने के उद्देश्य से निकाली गई कलश यात्रा ने पूरे नगर का भ्रमण किया। 27 मार्च तक चलने वाली इस श्रीराम कथा में महेंद्र कृष्ण कन्हैया जी महराज द्वारा संगीतमय कथा सुनाई जाएगी। गुरुवार को कथा स्थल से शुरू हुई कलश यात्रा का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कृष्ण चंद्र जायसवाल ने किया। यह यात्रा फंड, गायत्री नगर, कोतवाली रोड, मुख्य चौराहा, बस स्टेशन, सीएचसी होते हुए रामलीला मैदान में समाप्त हुई। कथावाचक ने बताया कि किसी धार्मिक अनुष्ठान से पूर्व कलश यात्रा का मतलब धार्मिक अनुष्ठान के क्षेत्र में नकारात्मक ऊर्जा दूर करना और वातावरण दिव्य बनाना होता है। उन्होंने कहा कि केवल भक्ति करना और भगवान की कथा सुनना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि सुनी हुई कथा को अपने जीवन में उतारना भी आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रधान लालचंद कौशल, अमरनाथ यादव, राज कुमार अग्रहरि, राजेश माहेश्वरी, बबलू कुमार, राधेश्याम प्रजापति, मुन्ना तिवारी आदि शामिल थे ।

### देवांश का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले के सर्वोदय विद्या मंदिर, कोरारी गिरधर के होनहार छात्र देवांश ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। देवांश ने शैक्षिक सत्र 2026 के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए 40वीं रैंक हासिल की है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ, विद्यालय में उत्साह का माहौल बन गया। परिणाम की जानकारी मिलते ही शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन ने देवांश को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक छोटे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने देवांश को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनकी मेहनत व लगन की सराहना की। विद्यालय की शिक्षिका रोशनी शुक्ला ने बताया कि देवांश शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी और परिश्रमी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने आगे कहा कि देवांश की इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी आगे बढ़कर अपने लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेंगे। देवांश की सफलता पर विद्यालय के शिक्षकगण, सहपाठी और क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे होनहार छात्रों की सफलता से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ता है।

## विदेश भेजने के नाम पर उगाही करने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता तिलोई, अमेठी**

**अमृत विचार।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रास्तामऊ निवासी इजहार उर्फ मुंशीर पर करौली थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव निवासी तीन महिला राजरानी पत्नी श्यामू व छिदाना पत्नी हौसिला प्रसाद एवं श्याम कला पत्नी पूर्वीदीन तीनों महिलाओं ने थाना मोहनगंज में लिखित प्रार्थना पत्र देकर इजहार उर्फ मुंशीर वारिश अली के शिकायती तहरीर देकर जलसाझी धोखाधड़ी धन उगाही का आरोप लगाया था। आरोप है कि इजहार द्वारा कई लोगों को धोखा देकर विदेश भेजने के नाम पर अवैध तरीके से लाखों रुपए की वसूली की गई है। पीड़ित महिलाओं ने थाने पर प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिन गुरुवार को धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त इजहार उर्फ मुंशीर (33) पुत्र वारिश अली निवासी रस्तामऊ थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। वही यह सब देखकर इजहार उर्फ मुंशीर का भाई खुर्शीद खान पुत्र वारिश अली द्वारा थाना मोहनगंज में लिखित सूचना देकर अपने ही पर धोखाधड़ी, धन उगाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया हैं। आरोप है कि इजहार ने लोगों से विदेश भेजने के नाम पर धन उगाही करता है। मुकदमा दर्ज होने के कारण उसके भाई ने अपने आधार कार्ड जोकि रस्तामऊ के पते से निर्गत है कूटरचित ढंग से ग्राम सराय मनौली तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या का बनवा लिया। कूटरचित आधार कार्ड से ही बदले पते पर पासपोर्ट बनवा लिया है। तथा अब वह विदेश जाना चाहता है। अभियुक्त ने 05 अलग-अलग व्यक्तियों से कुल 3,90,000/- रुपये लिए हैं तथा सुनील व राजू के नाम के कूटरचित ज्वाइनिंग लेटर अल हमीदी पेट्रोलियम कंपनी दुबई के नाम नौकरी दिलाने हेतु बनावाए गये हैं । जब भी उपरोक्त लोगों द्वारा घर आकर रुपया मांगा जाता है तो इजहार उर्फ मुंशीर द्वारा उनसे गाली-गलौज की जाती है। इजहार को रुपया वापस करने हेतु कहा गया तो अभियुक्त द्वारा भाई को गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दे डाली। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ट्रूनेट मशीन से एक घंटे में होगी टीबी की जांच

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) संग्रामपुर में टीबी (क्षय रोग) की जांच के लिए अत्याधुनिक ट्रूनेट मशीन स्थापित कर दी गई है। इस मशीन के शुरू होने से अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही तेज और सटीक जांच संभव हो सकेगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में यह सुविधा शुरू की गई है। यह मशीन आणविक तकनीक पर आधारित है, जिससे करीब एक घंटे में टीबी की पुष्टि हो जाती है, जबकि रिफैम्पिसिन प्रतिरोध की जांच में अतिरिक्त समय लगता है। पोर्टेबल होने के कारण यह बैटरी से भी चल सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त यह तकनीक पारंपरिक तरीकों से अधिक विश्वसनीय मानी जाती है। इस मौके पर स्वास्थ्यकर्मी और मरीज मौजूद रहे।

